


जीएसटी कलेक्शन फरवरी में 12.5 प्रतिशत बढ़ा, 1,68,337 करोड़ रुपए पर पहुंचा आंकड़ा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



नए भारत के निर्माण के लिए हम देशभर के कारखानों के पुनरोद्धार में निरंतर जुटे हुए हैं। झारखंड के सिंदरी का खाद कारखाना इसका एक बड़ा उदाहरण है।

वर्ष-60 › अंक -67 रायपुर शनिवार 2 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## एनडीए को मिलेंगी 400 से ज्यादा सीटें, कांग्रेस इतिहास में समा जाएगी



**शिमला एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस पार्टी का इतिहास बनना तय है। कांग्रेस कई क्षेत्रीय दलों में बंट जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद इस पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर हो जाएगी।

हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी। एनडीए के अलावा देश में कोई विकल्प नहीं है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह से हतोत्साहित हो जाएंगे और कांग्रेस टूट जाएगी। पार्टी का कोई राष्ट्रीय नेतृत्व नहीं रह जाएगा और यह विभाजित होकर राज्यों के क्षेत्रीय संगठनों में के तौर पर रह जाएगी।

**कांग्रेस की पतन यात्रा शुरू -शर्मा** - असम के सीएम ने कहा, ÷राहुल गांधी की यात्रा बीजेपी के लिए बड़ी उपलब्धि थी क्योंकि उन्होंने एक ऐसा समय चुना है जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा चल रही थी, तब उन्होंने असम आने का फैसला किया और सभी राम भक्तों की भावना को ठेस पहुंचाई। पहले लोग अखबार या टेलीविजन में सुनते थे कि उन्होंने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के दिन जब लोगों ने राहुल गांधी को असम की सड़कों पर देखा और लोगों को साफतौर पर एहसास हुआ कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर रहे हैं, तो मुझे लगता है कि उसी दिन से कम से कम असम में कांग्रेस की पतन यात्रा शुरू हो गई और उसके बाद आपने देखा है कि क्या हो रहा है, हर दिन क्या हो रहा है। मुझे यकीन है कि 4-5 विधायकों को छोड़कर, मुझे नहीं लगता कि आने वाले दिनों में, शायद छह महीने, एक साल, दो साल, अन्य लोग कांग्रेस पार्टी में रहेंगे।÷

**कांग्रेस के कई नेता बीजेपी में शामिल होंगे-शर्मा**

असम में कांग्रेस नेताओं के बीजेपी में शामिल होने पर सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, ÷असम भाजपा के लिए ये ऐतिहासिक दिन है। कांग्रेस पार्टी के दो कार्यकारी अध्यक्ष एक राणा गोस्वामी जो किसी समय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव भी थे और उन्होंने प्रियंका गांधी के नेतृत्व में यूपी टीम के साथ मिलकर काम किया था, उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# बंगाल भ्रष्टाचार और अपराध का नया मॉडल

### टीएमसी ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दीं...', संदेशखाली मामले पर भड़के पीएम मोदी

**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी ने यहां 7,200 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने जनसभा की और संदेशखाली हिंसा के मामले पर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने ये तक कह दिया है कि संदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए। आपको बता दें कि टीएमसी के नेता शेख शाहजहां पर संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचारों और आदिवासियों की जमीन हड़पने का आरोप लगा है। इस घटना ने पूरे देश को हैरान कर के रख दिया है।

पश्चिम बंगाल के आरामबाग में रैली करते हुए पीएम मोदी संदेशखाली में महिलाओं के साथ हिंसा के मुद्दे को उठाया। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य की सीएम ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को जमकर घेरा। पीएम मोदी ने भड़कते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दीं है। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली TMC ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है, वो देखकर पूरा देश दुखी है, आक्रोशित है।





**ममता को शर्म आनी चाहिए- पीएम मोदी** - संदेशखाली हिंसा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने संदेशखाली में बहनों के साथ जो किया उससे पूरा देश दुखी है। पीएम ने कहा कि इस घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने इस घटना के आरोपियों को बचाया। पुलिस ने जनता के दवाब में आरोपी को पकड़ा। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि संदेशखाली की घटना पर राजा राम मोहन राय की आत्मा रोती होगी।

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल भ्रष्टाचार और अपराध का नया मॉडल बन गया है। राज्य की तृणमूल सरकार ने जमकर घोटाले किए हैं। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि टीएमसी के नेताओं को भर-भर कर पैसे मिलते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि संदेशखाली के मुद्दे पर कांग्रेस और लेफ्ट ने ममता से कोई जवाब नहीं मांगा है। पीएम ने कहा कि इस पूरे मामले पर इंडी अलायंस की चुप्पी खतरनाक है।

## कांग्रेस की जीत पर कर्नाटक में हुई पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी; आरोपी अरेस्ट

बेंगलुरुः हाल ही में राज्यसभा के चुनाव संपन्न हुए हैं। इसी क्रम में कर्नाटक में भी राज्यसभा के चुनाव कराए गए। इसमें जहां कांग्रेस के तीन प्रत्याशियों को जीत मिली तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के एक प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसी दौरान कर्नाटक में पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की गई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हावेरी जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। आरोपी व्यक्ति सूखी मिर्च का एक प्रमुख कारोबारी है। वह राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन की जीत का जश्न मनाने के लिए विधान सौद में आया था।

## डिफेंस सेक्टर होगा मजबूत, 39125 करोड़ रुपये के पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर



**एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और मेक-इन-इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को 39125 करोड़ रुपये के पांच पूंजी अधिग्रहण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए. इन अनुबंधों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये. पांच अनुबंधों में मैसर्स हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिग-29 विमान के एयरो-इंजन के लिए एक अनुबंध, क्लोज-इन वेपन सिस्टम के लिए मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ दो अनुबंध और ब्रह्मोस मिसाइलों के लिए तथा भारतीय रक्षा बलों के लिए पोत पर तैनात की जाने वाली ब्रह्मोस प्रणाली के लिए मैसर्स ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ दो अनुबंध शामिल हैं।

## झारखंड कमाल कर रहा है, नोटों की गड्डियां निकल रही

**एजेंसी। धनबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह झारखंड पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सिंदरी उर्वरक प्लांट का उद्घाटन किया। इसके अलावा रेलवे की कई योजनाओं सहित राज्यको करीब 36 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। पीएम ने कहा कि उन्होंने 2028 में सिंदरी प्लांट का शिलान्यास किया था और आज इसका उद्घाटन किया है। ये मोदी की गारंटी थी जो पूरी हुई है। इसके बाद पीएम ने धनबाद के बरवाअड्डा में रोड शो किया। उन्होंने खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। धनबाद में चुनावी शंखनाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी में दम है इसलिए देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में केंद्र सरकार साथ है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस ने जनता को लूटकर, आपके पसीने की कमाई को लूटकर अपने लिए बेनामी संपत्तियों के पहाड़ बना लिए हैं। ये अपने बच्चों का भला करेंगे लेकिन मोदी को आपके बच्चे की चिंता है। हमारी योजनाओं को इंडिया अलायंस वाले रोक देते हैं। इसलिए इस बार हर जगह यह नारा गूंज रहा है- इस बार 400 पार। ये इंडी गठबंधन वाले कितना भी दबाव बना लें, लेकिन ये मोदी न दबने वाला है और न ही हटने वाला है। मुफ्त अनाज की योजना मोदी चालू रखेगा ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। जेएमएम और कांग्रेस ने जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा है। ये लोग यहां के प्रतिभाशाली नौजवानों को कभी आगे नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि परिवारवादी अपने ही परिवार के बारे में सोचते हैं। लेकिन मोदी आपके बारे में सोचता है, आपके भविष्य के बारे में सोचता है। आप ही मेरे परिवारजन हैं, आपके बच्चों का भविष्य, मेरी गारंटी है।



## दस हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास : गड़करी

**जौनपुर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को अपरान्ह जौनपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद विशाल जनसभा में केंद्रीय मंत्री का संबोधन शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास आज किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लेंथ 7643 किमी थी, जो आज 13 हजार किमी है। श्री गडकरी ने कहा कि जौनपुर से प्रयागराज तक तीन बाईपास का निर्माण होगा। आजमगढ़ में बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। मुंगरबादशाहपुर बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा शहर की सड़कों के सुदृढीकरण की मांग पूरी की जाएगी। दोनों किनारों पर आरसीसी सर्विस लेन और स्ट्रीट लाइटें लगेंगी।

### महादेव बेटिंग ऐप मामले में 17 ठिकानों पर ED की छापेमारी,

## 580 करोड़ रुपए किए फ्रीज



### अबतक 1200 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**मुंबई : एजेंसी।**

महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप मामले की जांच के दौरान ED ने कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर में स्थित 17 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। सूत्रों ने बताया की इस सर्च ऑपरेशन के दौरान 1.86 करोड़ रुपये कैश, 1.78 करोड़ रुपये के मूल्यवान वस्त्र आज बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही 580.78 करोड़ रुपये के प्रोसिड्स ऑफ क्राइम को फ्रीज किया गया है। इस सर्च ऑपरेशन में ED को बहुत से इंक्रिमिनेटिंग एविडेंट मिले हैं जिसमे डिजिटल डेटा बड़ी मात्रा में हैं और ED ने कई एसेस्ट्स की भी पहचान की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज FIR के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। इसके बाद विशाखापत्तनम पुलिस और अन्य राज्यों द्वारा दर्ज FIRs को भी रिकॉर्ड पर लिया गया था। ईडी की जांच में पता चला कि 'महादेव ऑनलाइन बुक' को दुबई से ऑपरेट किया जा रहा था।

## बेंगलुरू के रामेश्वरम रेस्तरां में धमाका हादसे में कई लोग घायल





**लोकशक्ति। संवाददाता।**

**बेंगलुरू के रामेश्वरम रेस्तरां में हुआ धमाका, हादसे में कई लोग घायल, सीएम सिद्धरामैया ने कही ये बातबेंगलुरू में एक भीषण हादसा देखने को मिला है। यहां HAL पुलिस स्टेशन के पास स्थित एक रेस्तरां में धमाका हुआ है।**

बता दें कि यह धमाका व्हाइट फील्ड इलाके में आईटीपीएल रोड़ पर स्थित रामेश्वरम कैफे में हुआ है। इस धमाके में 4 लोग घायल हो गए हैं। बता दें कि ब्लास्ट की वजहों का अबतक पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें कैफे के बाहर लोगों की भीड़ दिख रही है और पुलिस भी घटनास्थल पर दिखाई दे रही है। बता दें कि पुलिस और दमकल विभाग ने मोर्चा संभाल लिया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है। बता दें कि सभी घायलों मे से 3 लोग रेस्तरां के ही कर्मचारी थे।

वहीं, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इसमें 8 लोग घायल हुए हैं, ये लोग उस समय वहां पर खाना खा रहे थे। सभी का इलाज चल रहा है किसी की हालत चिंताजनक नहीं है, ये घायल हुए हैं। इलाके के CCTV कैमरे की जांच की जा रही है, किसी ने वहां बैग रखा ये बताया गया है और उसमें ये इंप्रोवाइजड हाई एक्सप्लोसिव रखा गया था, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**अब तक क्या-क्या पता लगा? -** बेंगलुरु में हुए ब्लास्ट के मामले में कई जानकारियां सामने आई है। अब तक मिली अपडेट के मुताबिक, ये सिलेंडर ब्लास्ट नहीं है पुलिस ये पता कर रही है कि वाश बेसिन के पास जहां ब्लास्ट हुआ वहां कोई गैस पाइप लाइन थी या नहीं। पुलिस इलाके के सभी CCTV फुटेज को भी खंगाल रही है।

## शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल पुलिस की गिरफ्त में नहीं बल्कि मेहमान नवाजी में हैं : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद . सुधांशु त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी द्वारा संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण के आरोपी शाहजहां शेख की गिरफ्तारी के बाद उसे वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ शाहजहां शेख जिस अकड़ के साथ पेश आ रहा है, उससे अंदाजा लगता है कि जेल के अंदर वह किस ठाठ के साथ रहेगा। साथ ही, उन्होंने हाल ही कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद द्वारा पाकिस्तान के बारे में विवादित बयान देने पर अन्य कांग्रेसी नेताओं के पाकिस्तान प्रेम के तथ्यों को भी प्रमुखता से रखा। सुधांशु त्रिवेदी ने तमिलनाडु सरकार के विज्ञापन में चीन के ध्वज पर नाराजगी जताते हुए इंडी गठबंधन के सभी दलों पर सवाल भी खड़े किए। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 56 दिन तक फ़रार रहने के बाद आज शाहजहां शेख को ईडी की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उसके ऊपर संदेशखाली मामले को लेकर बलात्कार या बलात्कार के लिए प्रेरित करने की कोई भी धारा नहीं लगाई गई है, ऐसा क्यों? दूसरी ओर, ये भी साफ हो गया कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा की गई गिरफ्तारी का संदेशखाली के गुनाहों से कोई लेना देना नहीं है और उनकी गिरफ्तारी पर बड़ा प्रश्न ये उठता है कि अगर शेख शाहजहाँ को प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही के तहत गिरफ्तार किया गया है, तो ममता बनर्जी की सरकार उसे ईडी को क्यों नहीं सौंप रही है? ये सभी संकेत साफतौर पर संदेह उत्पन्न करता है कि अब तक शेख शाहजहां ममता सरकार के संरक्षण में ही कहीं सुरक्षित था।

## कांग्रेस के कार्यक्रम में गलत तरीके से गाया राष्ट्रगान



### बीजेपी ने की शिकायत,

केस दर्ज करने की मांग कांग्रेस के एक कार्यक्रम में गलत तरीके से राष्ट्रगान गाने का मामला सामने आया है। जिस वक्त राष्ट्रगान गाया जा रहा था उस वक्त कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट और शशि थरूर भी मंच पर मौजूद थे। राष्ट्रगान को गलत तरीके से गाए जाने को लेकर बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम सिटी पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर केस दर्ज करने की मांग की है।

दरअसल, गुरुवार को कांग्रेस के कार्यक्रम समराग्नि का समापन दिवस था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गया जाना था। मंच पर तिरुवनंतपुरम कांग्रेस जिला अध्यक्ष पी रवि ने राष्ट्र गान गाना शुरू किया। जैसे ही उन्होंने पहला लाइन गाया तभी पास में खड़े दूसरे कांग्रेस नेता ने उनसे माइक छीन ली और उन्हें हटा दिया। इसके बाद एक महिला कार्यकर्ता ने राष्ट्रगान को पूरा गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और सचिन पायलट भी मंच पर मौजूद थे। वहीं इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद बीजेपी बिफर पड़ी है। बीजेपी ने सिटी पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर केस दर्ज करने की मांग की है।

## सिंदरी उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन : देश को यूरिया के मामले में बनाएंगे आत्मनिर्भर

**एजेंसी।:**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने 35,700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि इन परियोजनाओं में 8900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का सिंदरी उर्वरक संयंत्र भी शामिल है जो यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है।

**क्या बोले पीएम मोदी**

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं के लिए ये रोजगार की शुरुआत है। इसके साथ ही यह आत्मनिर्भर भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। हमने संकल्प लिया कि देश को यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। हमारी सरकार के प्रयासों से बीते 10 वर्षों में यूरिया का उत्पादन बढ़ा है। गोरखपुर और रामागुंडम के साथ ही अब सिन्द्री का भी नाम जुड़ गया है। आज का दिन झारखंड में रेल क्रांति का एक नया अध्याय लिख रहा है। रेलवे के कई प्रोजेक्ट आज यहां पर शुरू हो रहे हैं। बीते 10 वर्षों में हमने जनजातिय समाज, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता में रखकर काम किया है। हमें 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है।




**यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता**

बता दें कि इस संयंत्र से देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों को लाभ होगा। गोरखपुर और रामागुंडम में उर्वरक संयंत्रों के कायाकल्?प के बाद यह देश में दोबारा चालू होने वाला तीसरा उर्वरक संयंत्र है। गोरखपुर और रामागुंडम में उर्वरक संयंत्रों को क्रमशः दिसंबर 2021 और नवंबर 2022 में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने झारखंड में 17,600 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें में सोन नगर-अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइन, टोरी-शिवपुर पहली और दूसरी तथा बिराटोली-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन (टोरी-शिवपुर परियोजना का हिस्सा), मोहनपुर-हंसडीहा नयी रेल लाइन, धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन शामिल हैं। इन परियोजनाओं से राज्य में रेल सेवाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने तीन ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई, जिनमें देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बदामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से ज्यादा डिब्बों वाली मालगाड़ी का परिचालन शुरू करना शामिल हैं।

## ईडी की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट गए AAP विधायक अमानतुल्लाह को झटका,

**एजेंसी।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह मामला ओखला इलाके में कथित तौर पर मौजूदा आप विधायक अमानतुल्लाह के कहने पर 36 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने से संबंधित है। ईडी द्वारा तलब किए जाने के बाद विधायक ने वक्फबोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। इससे पहले अदालत ने तीन अन्य आरोपियों- जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।



लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# हिड़मा के गाँव के लोगों को मुख्यमंत्री ने दिखाया लोकतंत्र का मंदिर

## टेकलगुडेम और पूवर्ती गांव के लोगों ने विधानसभा का किया भ्रमण

## मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा नियद नेल्लानार के माध्यम से विकास की रौशनी में जगमगायेगा आपका गांव



**रायपुर।** टाप नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती के लोगों ने जिनकी आवाज अब तक नक्सली बंदूकों के साये में चुप करा दी जाती थी, उन्होंने पहली बार विधानसभा में जनता की आवाज को जनता के प्रतिनिधियों के माध्यम से लोकतंत्र के मंदिर में गूंजते सुना। सुकमा जिले के पूवर्ती के साथ ही टेकलगुडेम के ग्रामीणों ने विधानसभा में देखा कि किस तरह लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष मुद्दों पर सहमति-असमहति के बावजूद चर्चा कर अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचते हैं और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ते हैं। वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से देर तक अपने गांव के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल आतंकवाद की वजह से बरसों आपके इलाकों में विकास प्रभावित रहा। बस्तर के विकास के बगैर और आप लोगों तक विकास पहुंचाये बगैर छत्तीसगढ़ का विकास संभव नहीं। हमने इसके लिए नियद नेल्लानार योजना आरंभ की है। न केवल हम आप लोगों को सुरक्षा प्रदान करने वहां नये कैंप लगा रहे हैं अपितु कैंप के 5 किमी के दायरे में इस योजना के अंतर्गत 25 तरह की मूलभूत सुविधाएं 32 तरह की व्यक्तिमूलक योजनाओं के माध्यम से दे रहे हैं।

मोदी जी का निर्देश है आप लोगों को सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए- चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से बस्तर के विकास का ध्यान रखते हैं। उन्होंने हमें निर्देश दिये कि संवेदनशील इलाकों में सारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसलिए हमने नियद नेल्लानार आपका अच्छा गांव योजना आरंभ कराई। इन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि आपकी पहल से हमारे गांव तक बिजली पहुंच गई है। अन्य सुविधाओं का रास्ता भी खुल गया है। अब घर में बिजली आ गई है अब खेतों में बिजली चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को भटकना नहीं है। अपने प्रदेश और देश के विकास के लिए अपनी ऊर्जा लगानी है। आपके गांव के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम हमेशा आपके साथ खड़े हैं। हम सभी सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भी इस अवसर पर ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से आपके गांव में तेजी से विकास करने हम कृतसंकल्पित हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में हम आपके लिए सारी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय के साथ ही उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी एवं अन्य विधायकों की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ समूह तस्वीर भी ली गई।

ग्रामीण इस यात्रा से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार आज प्रदेश की विधानसभा देखी। बहुत अच्छा और यादगार अनुभव रहा। मुख्यमंत्री जी ने हमें स्वयं विस्तार से विधानसभा के कार्यों के बारे में बताया, हम सब बहुत खुश हैं।

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा बतौर गृहमंत्री माओवाद प्रभावित इलाकों में शांति स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने माओवाद प्रभावित इलाकों के युवाओं से संवाद के लिए यह पहल की है। इन इलाकों के लिए विशेष रूप से कार्ययोजना तैयार कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

अस्पताल और स्कूल की मांग रखी- दोनों ही गांवों के निवासियों ने मुख्यमंत्री से स्कूल और अस्पताल की माँग रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्लानार के माध्यम से हम इन्हीं कार्यों के लिए आगे बढ़ेंगे। इन गांवों की नई पीढ़ी विकास का उजाला देखेगी। हम सब मिलकर नियद नेल्लानार के माध्यम से अच्छा गांव तैयार करेंगे।मुख्यमंत्री कार्यालय में आप फोन कर बता सकते हैं समस्या- मुख्यमंत्री ने इन ग्रामीणों को कहा कि हम आपकी सभी समस्याओं का हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं स्वयं और मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी इस दिशा में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय में एक फोन नंबर की व्यवस्था भी की जाएगी जो केवल आप लोगों के फीडबैक के लिए होगा। आप इससे सीधे संवाद कर सकेंगे। मैं आपके सुखदुख में हमेशा साझा करूंगा। राजिम कुंभ का दर्शन करेंगे ग्रामीण, कृषि महाविद्यालय में उन्नत खेती देखेंगे- ग्रामीण दो दिनों के राजधानी प्रवास पर हैं। आज वे पुरखौती मुक्तांगन, छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र, विमानतल, डीकेएस हास्पिटल, अंबुजा माल के साथ ही रायपुर शहर का भ्रमण करेंगे।

## आशा देवी रेखचन्द लुनिया,चेरिटेबल ट्रस्ट रायपुर द्वारा कर्मचारी बीमा



**रायपुर।**आशा देवी रेखचन्द लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट शंकर नगर रायपुर द्वारा ए एस जी नेत्र चिकित्सालय शंकर नगर टीम ने निःशुल्क नेत्र जांच किया गया एवं आंखों से बचाव एवं जरूरदमन्दों को आवश्कता नुसार चश्मे का वितरण किया गया। इस शिविर में पीयूष जैन ए एस जी टीम से श्री शोभराम पटेल ललित कुरे वर्षा सिन्हा बीमा चिकित्सा अधिकारी मनोज वैष्णव डॉ रेशमा भगत सहित अधिकारी कर्मचारी उक्त षिविर में उपस्थित थे

## महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर का विधिवत उद्घाटन आज

**रायपुर।** एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन योजनांतर्गत महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर का विधिवत उद्घाटन गुरुवार, 29 फरवरी को दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघराय माझी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एलआईसी, मध्य क्षेत्र भोपाल होंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक ठाकुर, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, रायपुर और शशांक सालोदकर, विपणन प्रबंधक एलआईसी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। महाराष्ट्र मंडल की स्वास्थ्य समिति के प्रमुख अरविंद जोशी ने बताया कि चौबे कालोनी के निवासियों, मरीजों और मंडल सदस्यों के भारी दबाव के बीच महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर की सेवाएं 26 जनवरी को औपचारिक रूप से शुरू की गई थी। अब 29 फरवरी को और भी आधुनिकतम मशीनों और बढ़ी हुई चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ फिजियोथेरेपी सेंटर का विधिवत शुभारंभ होने जा रहा है। जोशी के मुताबिक हाट पैक, टेंस, लेजर, आईएफटी, अल्ट्रासाउंड और स्ट्रीम्यूलेशन जैसी कई आधुनिक मशीनें लाई गईं हैं। इससे लोगों को न्यूनतम फीस पर फिजियो की उन्नत सुविधाएं मिलेंगी। वहीं सेंटर में एक्सपर्ट डाक्टरों की टीम सतत् अपनी सेवाएं देंगी।

## नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण का प्रयास किया जाए: न्यायाधीश

**रायपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 9 मार्च 2024 की तैयारियों के संबंध में श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय/मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, सचिव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन, सीजेएम, लेबर जजों की वर्चुअल बैठक ली गई। बैठक में मुख्य न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों, विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठजनों, पुराने 5 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों, धारा-138 एनआई एक्ट के मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हांकित कर निराकृत किये जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पूर्व लोक अदालत में पूर्व की अपेक्षा प्री-लिटिगेशन के मामलों में भी बढ़ोत्तरी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को चिन्हांकित कर निराकृत किये जाने का प्रयास किया जाए, ताकि लोक अदालत के मूल मंत्र न्याय सबके लिये को पूरा किया जा सके।

# लोक गायिका गोपा सान्याल और साथियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

**रायपुर।**

राजिम कुंभ कल्प 2024 के भव्य आयोजन रामोत्सव में 27 फरवरी की शाम रायपुर की स्थापित शास्त्रीय एवम लोक गायिका श्रीमति गोपा सान्याल और साथियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई।जिसमें गोपा सान्याल ने रामचरित मानस की चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी से कार्यक्रम की शुरुआत की।गोपा सान्याल ने हाना गीत गाकर सबका मन मोह लिया।इंदौर किराने घराने के प्रतिष्ठित गायक पं परितोष पोहनकर ने हिंदी भजन जय श्री ओंकारा और पालने रघुपति झुलावे से भक्ति मय प्रस्तुति दी। रायगढ़ के वरिष्ठ संगीतज्ञ श्री मनहरण सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ी गीत चला चलिन राजिम और राम रघुरैया प्रस्तुत की।वहीं युवा संगीतकार और गायक संदीप बैनर्जी ने अवध में राम आये हैं और अपने अल्बम गीत हर तरफ प्रभू श्री राम जी गीत से समां बांधा।



कार्यक्रम के उपरांत कलाकारों का सम्मान किया गया।मुख्य अतिथि,अधिकारियों और कलाकारों की उपस्थिति श्री राजीव लोचन भगवान की आरती की गई।

## नारायण सेवा संस्थान का विशाल कृत्रिम अंग शिविर 17 मार्च को

**रायपुर।** उदयपुर राजस्थान का प्रति प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों के कल्याण विशाल निशुल्क शिविर का आयोजन 17 मार्च को रायपुर के एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी परिसर में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीस ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ पैर गवार देने से अंग विहीन हुए हैं उन्हें दिव्यंका की दुख भरी जिंदगी से निकलने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध हैं पदम श्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 39 वर्षो से संस्थान मानवता और दिव्यंका के क्षेत्र में सेवारत हैं छत्तीसगढ़ के दिव्यांग जनों को मदद पहुंचाने की संकल्प से विशाल निशुल्क दिव्यंका निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण आर्टिफिशियल लैब मैरिजमेंट कब रायपुर के जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में रविवार 17 मार्च को प्रताप 8:00 बजे से 5:30 बजे तक चलेगा या संस्थान की सातवा प्यासे के पासयोजना के तहत छत्तीसगढ़ में शिविर आयोजित हो रहा है संस्थान के महा गंगोत्री प्रभारी रजत गांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नारायण सेवा संस्थान का यह फ्री कैंप विशेष है इससे दिव्यांग बांधों को संस्थान के अनुभव एवं विशेषज्ञ अर्थो पृष्ठ एवं पास था प्लास्टिक टीम द्वारा लेख देखा जाएगा और टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन के हल्के एवं टिकाऊ आर्टिफिशियल लैंप के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिप्स बनाए जाएंगे।

## धमकी दे विधायक का भाई, हटाया जाए डीएसपी, यह जंगलराज है: कांग्रेस

**रायपुर।** अंबिकापुर के भाजपा विधायक के भाई द्वारा थाने में हंगामे की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई सत्ता के मद में आंतक मचाने लगे है तथा अपने गैर कानूनी कार्यो पर अंकुश लगता देख पुलिस को धमका रहे है। अंबिकापुर के भाजपा विधायक के भाई द्वारा सरेआम थाने में हंगामा कर डीएसपी को धमकाया जाना और उसके 6 घंटे के अंदर युवा पुलिस अधिकारी का थाने से ट्रांसफर किया जाना बेहद ही दुर्भाग्यजनक है। यह घटना भाजपा के जंगल राज का नमूना है। सत्ता हाथ में आये अभी दो माह भी नहीं हुआ है भाजपाई सत्ता के मद में चूर होकर आम आदमी और अधिकारियों से बदसलूकी करने लगे है। धमकी दे विधायक का भाई, हटाया जाये डीएसपी, यह जंगलराज है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछ्ले कुछ दिनों से अवैध कोयला तस्करी को लेकर मिल रही शिकायतों पर थाना लखनपुर की पुलिस कार्रवाई कर रही थी। इस दौरान ट्रेनी डीएसपी शुभम तिवारी ने कार्रवाई करते 10 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी किया था। इस बात पर बीजेपी नेताओं ने थाने का घेराव किया गया। इसी दौरान वायरल वीडियो के मुताबिक भाजपा विधायक राजेश अग्रवाल के भाई विजय अग्रवाल ने थाने के अंदर हंगामा किया और प्रशिक्षण में चल रहे थाना प्रभारी शुभम तिवारी को धमकी दे डाली, विधायक के भाई ने सख्त लहजे कहा-'देख लूंगा..'। इसके बाद डीएसपी का ट्रांसफर कर दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अपने विधायक के दबाव में एक ईमानदार पुलिस अधिकारी का स्थानंतरण किया जाना पुलिस का मनोबल तोड़ने वाला है। सत्तारूढ़ दल का नेता या कार्यकर्ता हो जाने मात्र से किसी को भी गैर कानूनी काम करने का अधिकार नहीं मिल जाता और न ही अधिकारियो, कर्मचारियों को धमकाने का लाईसेंस इस मामले में जो विडियो वायरल हो रहा उसमें साफ दिख रहा कि विधायक के भाई अभद्रता कर रहे थे। कार्यवाही उनके खिलाफ होना चाहिये।

## रविशंकर यूनिवर्सिटी में रिमोट सेसिंग पर व्याख्यान



**रायपुर।** रवि शंकर शुल्क वी. वी. रायपुर में ग्रामीण विकास में जी.आई.एस. और रिमोट सेंसिंग का महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ. एन.एस. बाघमार थे। वे भूगोल अध्ययन शाला में पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख थे। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी.आई.एस.) और रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकियों में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध डॉ. बाघमार ने ग्रामीण विकास पहल को आगे बढ़ाने में इन प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट करते हुए एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। 28 फरवरी, 2024 को आयोजित व्याख्यान में संकाय सदस्यों, छात्रों और ग्रामीण विकास के विद्वानों के साथ उल्लेखनीय उपस्थिति थी। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. एल.एस. के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई। प्रोफेसर गजपाल ने अकादमिक समुदाय के साथ अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए डॉ. बाघमार का आभार व्यक्त किया।अपने व्याख्यान के दौरान, डॉ. बाघमार ने जीआईएस और रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोगों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, और ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के समाधान में उनके महत्व को दर्शाया। भूमि उपयोग योजना से लेकर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तक, डॉ. बाघमार ने समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने में इन प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया।

# लोक कलाकारों के ग्रेडेशन में भेदभाव, विधायक धरसीवा ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

**रायपुर।** फरवरी छत्तीसगढ़ में लोक कलाकारों के साथ ग्रेडेशन और मिलने वाले पारिश्रमिक को लेकर भेदभाव का आरोप लगा है वहीं राज्य विधानसभा में विधायक धरसीवा ने बजट सत्र में उक्त मुद्दे को सदन में उठाते हुए विषय पर ध्यान आकर्षित कराया था जवाब में मंत्री ने कहा की संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों को कार्यक्रम भुगतान के लिए राजपत्र 29 जून 2021 को प्रकाशित छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021 के अनुसार ग्रेडेशन का मापदंड निर्धारित किया गया है उसी निर्धारित मापदंड के अनुसार ग्रेड के अनुसार दल प्रमुख और सहायक कलाकारों को मानदेय राशि का भुगतान किया जा रहा है जबकि लोक कलाकारों का आरोप है की छत्तीसगढ़ राज्य पत्र से प्रकाशित नियम के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है इसके चलते लोक कलाकारों में निराशा का माहौल है और परेशानी का वातावरण है कई कलाकार ने प्रदेश के लोक मंच में काफी स्तर पर कई




कार्यक्रम देकर राज्य का गौरव बढ़ाया है आज उन्हें कलाकारों का अपमान हो रहा है और ग्रेडेशन नहीं दिया जा रहा है वही कई कलाकार वर्ष में कई कार्यक्रम कर लाभान्वित हो रहे हैं और कई वंचित हो रहे हैं इस विसंगति और भेदभाव को दूर किया जाना चाहिए मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार एवं पूर्व पार्षद संतोष कुमार सारथी नया आरोप लगाते हुए बताया है कि सुश्री कविता वासनिक 113 000 दिलीप सारंगी 113 000 हजार का भुगतान किया जा रहा है जो ग्रेडेशन सूची में नहीं है पर नियमों के तहत भुगतान किया जाना प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है की ग्रेडेशन की व्यवस्था को समाप्त कर और नियम में संशोधन करते हुए कलाकारों का नए सिरे से ग्रेडेशन किया वही पंचांग के अनुसार कलाकारों को कार्यक्रम का कार्य आदेश दिया जाए ताकि सभी कलाकारों को अवसर मिल सके।

## जयंती पर याद किये गए पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. शम्भूदयाल शुक्ल




**रायपुर।** रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर पूर्व अध्यक्षों को उनकी जयंती (दिवस) के अवसर पर सादर स्मरण करने का कार्य कर रहा है। आशीर्वाद भवन रायपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज के पूर्व अध्यक्ष पं. शम्भूदयाल शुक्ल जी की जयंती पर उन्हें सादर स्मरण किया गया। इस अवसर पर पं. शम्भूदयाल शुक्ल जी के परिवार के सदस्यगण वृहद संख्या में उपस्थित रहे एवं सभा-शिक्षा मंडल के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने पं. शम्भूदयाल शुक्ल जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर सादर स्मरण, नमन किया । इस अवसर पर अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, पं. प्रशांत शुक्ल, पं. अनुराग शुक्ल, श्रीमती निशा अवस्थी, पं. अभिनीत शुक्ल, पं. प्रदीप शुक्ल, पं. गोपाल शुक्ल ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. शम्भूदयाल शुक्ल जी का अध्यक्षीय कार्यकाल 1962-1964 तक रहा। इससे पहले वे सन् 1943-1961 तक वे समाज के सचिव रहे। पं. शम्भूदयाल शुक्ल जी प्रारंभ में शिक्षक रहें, आप पर अपने चाचा पं. रविशंकर शुक्ल जी का गहरा प्रभाव रहा, उनके मार्गदर्शन में वे क्रांतिकारियों के आवास, भोजन एवं धन की व्यवस्था गुप्त रूप से किया करते थे 7 रायपुर में जैतुसाव मठ, भागीरथी मंदिर, गायत्री मंदिर आदि धार्मिक संस्थाओं के ट्रस्टी रहें। वामनराव लाखे शाला बद्री प्रसाद शिक्षण समिति के प्रमुख सदस्य रहें। रवि नगर, शुक्ला कालोनी हाउसिंग बोर्ड के निर्माता एवं प्रथम अध्यक्ष रहें। यथा लोगों को नौकरी लगवाना, स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना, निर्धन कन्याओं के विवाह एवं जरूरतमद लोगों के लिए गुप्त रूप से धन उपलब्ध कराना, आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। समाज में दादाजी से सम्बोधित, गांधीवादी जीवन शैली को आत्मसात करते हुए दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सहस्त्रचन्द्र दर्शन करते हुए 103 वर्ष की आयु में उनका परलोक गमन हुआ। उनके सादर स्मरण में अध्यक्ष अरुण शुक्ल ने घोषणा करते हुए बताया कि संस्था के कार्यालय भवन का नाम उनकी स्मृति में रखा जा रहा है ।

# एनएमडीसी ने 40 एमटी का लक्ष्य पार किया



**हैदराबाद,** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने फरवरी, 2024 में अबतक के सर्वश्रेष्ठ संचयी आँकड़े प्राप्त किए। एनएमडीसी ने फरवरी, 2024 में लौह अयस्क का 3.92 मिलियन टन उत्पादन किया और 3.99 मिलियन टन की बिक्री की, जिससे वित्तवर्ष 24 के 11 महीनों में संचयी उत्पादन 40.24 मिलियन टन और संचयी बिक्री 40.48 मिलियन टन तक पहुँच गई है।

एनएमडीसी का फरवरी, 2024 में बिक्री प्रदर्शन कंपनी की स्थापना के बाद से अबतक फरवरी माह का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन है। 3.99 मिलियन टन की बिक्री फरवरी, 2023 में लौह अयस्क की बिक्री से 6 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने फरवरी, 2024 तक गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन में 13 प्रतिशत और संचयी बिक्री में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के इतिहास में अपनी अब तक की 11 महीने की अवधि की सबसे अधिक लौह अयस्क मात्र को प्राप्त करते हुए, एनएमडीसी वित्तवर्ष 24 में नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए तैयार है। श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने इस प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई देते हुए कहा, ÷40 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी और लगातार तीन बार इस मील के पत्थर को हासिल करते हुए हम वित्तवर्ष 24 में लौह अयस्क आंकड़ों की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए तैयार हैं। एनएमडीसी के विकास का पूरी अर्थव्यवस्था में कई गुना प्रभाव पड़ता है। उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाकर, आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता को बढ़ाकर और एनएमडीसी 2.0 में परिवर्तन के द्वारा इस विकास को बढ़ाने के लिए हम स्वयं को रणनीतिक रूप से तैयार कर रहे हैं।



स्कूल में छात्रों को भोजन कराते हुए अधिकारी गण

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कल राजिम में, जिले के 180 जोड़े बंधेंगे दांपत्य सूत्र में

श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा सामुहिक विवाह कार्यक्रम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या के विवाह के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का संचालन छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 02 मार्च को किया जाएगा। इसमें जिले के 180 जोड़े दांपत्य जीवन में बंधेंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे से श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर राजिम में किया जायेगा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकगण शामिल होकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय ने बताया कि अभी तक 180 जोड़ो का पंजीयन किया गया है।

# छत्तीसगढ़ की किताबों में प्रकाशित होंगे भारत रत्न और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों का जीवन परिचय

मातृ शोक के बावजूद शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एक दिन बाद ही काम पर लौटे, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम कार्यकारिणी सभा की ली बैठक

रायपुर। मातृ शोक में डूबे शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एक दिन बाद ही फिर काम में लौट आए। उन्होंने गुरुवार को छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम कार्यकारिणी सभा की 88 वीं बैठक ली। बैठक में उन्होंने मंडल के कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने और उन्हें देश की महान विभूतियों की जानकारी प्रदान करने के लिए किताबों के शुरुवात और अंत में भारत रत्न और पद्मश्री पुरुस्कार से सम्मानित महान हस्तियों का जीवन परिचय प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री समेत मंत्रीमंडल के सदस्यों की फोटो के साथ परिचय प्रकाशित किया जाएगा।



बता दें गुरुवार को हुई यह यह बैठक मंत्री अग्रवाल की माता जी के निधन के बाद उनकी पहली बैठक थी। बैठक में उन्होंने कहा कि उनकी माता जी का निधन उनके लिए एक बहुत बड़ा व्यक्तिगत नुकसान है। उनकी माता जी उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ थीं और उनके निधन से उन्हें गहरा दु:ख हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी मां हमेशा उन्हें दूसरों की सेवा करने के लिए प्रेरित करती थीं, इसलिए वे अपनी मां की इच्छाओं को पूरा करने के लिए अपना काम जारी रखेंगे।

बैठक में मंत्री अग्रवाल ने पाठ्य पुस्तक निगम के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि पाठ्य पुस्तक निगम को छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए काम करें। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वह निगम के कामकाज की नियमित रूप से समीक्षा करते रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि निगम छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा।

### सभी जिलों में स्थापित होंगे पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो

पुस्तक मुद्रण में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत वृद्धि की जाती है जिसे वर्तमान सत्र में नहीं करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने राज्य के सभी 33 जिलों में पाठ्य पुस्तक निगम का डिपो स्थापित करने के निर्देश दिए जिससे सभी विद्यालयों तक समाय पर पुस्तक पहुंचाया जा सकें। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से सम्बद्ध विद्यालयों में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पुस्तको का उपयोग अनिवार्य किया जाएगा। अन्य शासकीय विभागों एवं उपक्रमों के अधिक से अधिक प्रिंटिंग कार्यादेश प्राप्त करने को कहा है। जिससे निगम की आय में वृद्धि हो और उससे छात्रहित में अधिक से अधिक कार्य किया जा सके। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम से सम्बद्ध सभी संस्कृत विद्यालयों को समय पर पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

पंजीकृत 13712 हितग्राहियों को 12 करोड़ 88 लाख रुपए प्रदाय

# नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे हुये लाभान्वित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना में हितग्राही के प्रथम दो बच्चों को कक्षा पहली से उच्च कक्षाओं के लिए 1,000 से 10,000 रुपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। बेमेतरा जिले में इस योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7054 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 49 लाख 57 हजार राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार हितग्राही के प्रथम दो बच्चों हेतु संचालित नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में कक्षा दसवीं से उच्च कक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को 5,000 से 1,00,000 रुपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में 75 हितग्राहियों को कुल 06 लाख 06 हजार राशि प्रदाय किया गया।



इस प्रकार मंडल अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 14683 श्रमिकों का पंजीयन कर पंजीयन श्रमिक कार्ड जारी किया गया एवं मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में पंजीकृत कुल 13712 हितग्राहियों को कुल राशि 12 करोड़ 88 लाख 54 हजार रुपये प्रदाय किया गया। जिले में मंडल द्वारा पंजीकृत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आर्थिक सहायता मिलने पर छत्तीसगढ़ शासन एवं श्रम विभाग का विशेष आधार ज्ञापित किया गया।

श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पंजीयन एवं योजना के आवेदन एवं विस्तारपूर्वक जानकारी हेतु सभी विकासखण्डों में संचालित श्रम संसाधन केन्द्र व जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय श्रम विभाग एवं श्रमेव जयते मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

# शिल्पकला का उत्कृष्ट नमूना है राजिम का सबसे प्राचीन श्रीरामचंद्र मंदिर

**रायपुर।** राजिम में स्थित श्री रामचंद्र मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। मंदिर में लगे शिलालेखों तथा पुरातत्व विभाग द्वारा लगे सूचना बोर्ड से ज्ञात होता है कि इस मंदिर का निर्माण कल्चुरि सामंतो द्वारा ग्यारहवीं शताब्दीं में किया गया था। इस मंदिर में भगवान गणेश जी की एक नृत्य करती हुई मूर्ति है जो पुरातत्ववेत्ता के अनुसार काफी पुरानी है जिसे पुरातत्व विभाग द्वारा विशेष संरक्षण प्राप्त है।



मंदिर के गर्भगृह में पाषाण स्तंभो पर उकेरा गया शिल्प बहुत ही मनमोहक है जो कल्चुरि कालीन संस्कृति और सभ्यता दर्शाती है। मंदिर के दरवाजे पर शिल्प की उत्कृष्ट कला के मूर्तिया शिल्पी है। राजिम का यह राम मंदिर का सबसे प्राचीन मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर को पुरातत्व विभाग द्वारा अपने अधीनस्थ रखते हुए संरक्षित किया गया तथा इस मंदिर का जीर्णाद्धारात्मक मरम्मत कराया जा रहा है। ताकि मंदिर को प्राचीनता स्पष्ट दिखाई दें।

ज्ञात हो कि भू निर्दशांक के अनुसार 200 57' 48'' उत्तरी अक्षांश एवं 810 52' 43'' पूर्वी देशांतर पर बसे राजिम का पूर्वामुखी रामचन्द्र मंदिर अति प्राचीन है। मंदिर के गर्भगृह में बने पाषाण स्तंभो की शिल्प इस मंदिर की प्राचीनता को दर्शाती है। मंदिर के एकाश्मक स्तम्भों पर उकेरी गई देवी देवताओं की प्रतिमा सहित कला का उत्कृष्ट नमूना देखने को मिलता है। एक शिलालेख के अनुसार यह मंदिर 8वीं 9वीं शताब्दी ईश्वी की है। मंदिर का निर्माण 11वी शताब्दी में कल्चुरी सामंतो के प्रमुख जगतपाल देव द्वारा किए जाने की पुष्टि करती है।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने देर रात तक सुनी महिलाओं की समस्याएं

रेडी-टू-ईट का काम महिला समूहों को देने के निर्णय पर समूह की महिलाओं ने महिला बाल विकास मंत्री का जताया आभार



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने आवास कार्यालय में देर रात तक महिलाओं की समस्याएं सुनी। उन्होंने महिलाओं को यथासंभव समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मंत्री राजवाड़े से मिलने दूरस्थ वंनाचल क्षेत्र दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार सहित रायपुर जिले से महिलाएं, महिला समूह की सदस्य और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे थे। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महतारी वंदन योजना के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी पूरी करने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन महिलाओं के खाते में योजना के तहत राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर मिलने आ रहे हैं। उन सबकी समस्याओं के निराकरण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। समूह की महिलाओं से मंत्री राजवाड़े ने कहा कि अपने समूह को मजबूत बनाएं। समूह के सशक्त होने से उन्हें नियमित काम मिलते जाएगा।

मंत्री राजवाड़े का दंतेवाड़ा जिले से मिलने पहुंची समूह की महिलाओं ने आभार व्यक्त करते हुए रेडी-टू-ईट बनाने का काम शीघ्र दिलाने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि रेडी-टू-ईट बनाने का काम स्थानीय महिलाओं को मिलने से उनमें आर्थिक आत्मनिर्भरता आएगी। इसी तरह बलौदाबाजार जिले के ग्राम कोयदा और मरदा से मिलने पहुंची महिलाओं ने मातृ वंदन योजना में नाम ना आने की बात कही। मंत्री राजवाड़े ने तुरंत विभागीय संचालक को बुलाकर महिलाओं की समस्या का समाधान करने कहा।

मुंगेली जिले से पहुंचे अश्वनी कुमार कश्यप ने छत्तीसगढ़ के सभी हनुमान भक्तों की ओर से चैत पूर्णिमा को हनुमान जयंती के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के आवेदन पर मंत्री राजवाड़े ने अनुशंसा की। मंत्री राजवाड़े से डेफ क्रिकेट एसोसिएशन रायपुर की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट कराने के आर्थिक सहायता की मांग की जिस पर उन्होंने समाज कल्याण विभाग से नियमानुसार सहायता का आश्वासन दिया। इसके साथ ही मंत्री राजवाड़े से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

# मंदिरों में चढ़े फूलों से बना रही सुगंधित हर्बल गुलाल

**रायपुर।** होली के त्योहार पर एक दूसरे को तरह तरह के रंग लगाकर उत्साह से सभी परिवार के साथ पर्व मनाते हैं। महासमुंद जिले के ग्राम डोकरपाली बिहान से जुड़ी जय माता दी की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। हर्बल गुलाल तैयार लगाने से चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे इन हर्बल गुलाल की कई विशेषताएं हैं। इसमें रंग और सुगंध के लिए फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, ताकि चेहरे को कोई नुकसान न हो सके।



समूह की सदस्य चित्ररेखा दीवान ने बताया कि पिछले साल होली में 80 किलो हर्बल गुलाल महिलाओं ने बनाया था। जिससे 30 से 40 हजार रुपए की आमदनी समूह को हुई थी। होली के पर्व के समय बाजार में गुलाब की काफी मांग बनी रहती है। उन्होंने कहा कि 10 रुपये, 20 और 50 रुपए के हर्बल गुलाल के पैकेट बाजार में आसानी से विक्रय हो जाता है। गुलाल बनाने के लिए पालक, लालभाजी, हल्दी, जड़ी, बुटी व फूलों से हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही। इसके अलावा मंदिरों तथा फूलों के बाजार से निकलने वाली इस्तेमाल किए हुए फूल पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। गुलाब, गेंदे, स्याही फूल के साथ चुकंदर, हल्दी, आम और अमरूद की हरी पत्तियां को भी प्रोसेस किया जाता है। इस बार भी लगभग 60 किलोग्राम गुलाल तैयार कर लिया गया है। जिसमें से आधी मात्रा बिक गई है। गुलाल अनेक रंगों में बनाए जा रहे है जिसमें हरा, गुलाबी, पीला, केसरिया गुलाल शामिल है।

## संपादकीय

### ममता को अदालत, जनता के सामने झुकना पड़ा

पश्चिम बंगाल में हाईकोर्ट की सख्ती और संदेशखाली की जनता के दबाव के सामने आखिरकार ममता बनर्जी को झुकना पड़ा। 56 दिन से फरार तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली नेता शेख शाहजहां को बंगाल की पुलिस ने 48 घंटे में खोज निकाला, उसकी गिरफ्तारी हो गई और उसे 10 दिन की हिरासत में CID के हवाले कर दिया गया। शेख शाहजहां के खिलाफ 42 केस दर्ज हैं जिनमें जमीनों पर कब्जे, महिलाओं के साथ बलात्कार, आम लोगों की संपत्ति हड़पने जैसे मामले हैं लेकिन बंगाल की पुलिस ने कोर्ट को बताया है कि शाहजहां को ED की टीम पर 5 जनवरी को किये गए हमले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मज़े की बात ये है कि शेख शाहजहां को पुलिस ने संदेशखाली से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर, उत्तरी 24 परगना के मीनाखान से गिरफ्तार करने का दावा किया है। शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की खबर जैसे ही संदेशखाली पहुंची, वहां के लोगों ने गुरुवार को जश्न मनाया। संदेशखाली में महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, शंख बजाया और थाली बजाकर डांस किया। इन महिलाओं ने कहा कि ये सही है कि शेख शाहजहां अभी सिर्फ गिरफ्तार हुआ, उसे सजा नहीं मिली है लेकिन न्याय की उम्मीद तो जगी है। उसके आतंक और जुल्म से अब उन्हे मुक्ति मिलेगी। कई महिलाओं ने कहा कि केन्द्र सरकार को ऐसा इंतजाम करना चाहिए जिससे शेख शाहजहां कभी जेल से बाहर न आ सके।



### लिखे खतों को गंगा में बहा देना तुम।

गर हाले दिल न सुना सको ज़माने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुखा देना तुम।।

हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूदार दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम ।।

किस्मत में तेरा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब् का बिछौना ओश की ओढनी लेना तुम।

राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।

आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में लहरा देना तुम।।

बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
बस चेहरे से अपना दुपट्टा हटा देना तुम।।

होश खो देता कोई तुम्हे देखने के बाद.,
एसे मनचलों को उम्र कैद दे देना तुम।।

चले आओ सितारों में खो जाये कही हम,
रूह को मेरी अपनी रूह में मिला लेना तुम।।

आशिकी में गर खता हुई हमसे कुछ संजीव,
लिखे खतों को मेरे गंगा में बहा देना तुम।

**- संजीव् ठाकुर,**



## पर्यावरण संतुलन के लिये वन्यजीवों की रक्षा जरूरी



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ-साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर दिया है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा हैं। कितने ही पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती कगार पर हैं। दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जाता है और वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आह्वान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को, अपने 68वें अधिवेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वनस्पति के लुप्तप्राय प्रजाति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिकी, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। इस दिवस की शुरुआत थाईलैंड में हुई थी।

विश्व वन्यजीव दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। वन्यजीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है। वन्य जीवों के सामने तस्करी के अलावा अन्य अनेक खतरे हैं। अब इन वन्य जीवों में 'फॉरएवर केमिकल्स' पाये जाने से इनका जीवन लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। वैज्ञानिकों को ध्रुवीय भालू से लेकर बाघ, बंदर और डॉलफिन जैसी मछलियों की 330 वन्यजीव प्रजातियों में 'फॉरएवर केमिकल्स' के पाए जाने के सबूत मिले हैं। जो दर्शाते हैं कि इंसानों द्वारा बनाया यह केमिकल न केवल पर्यावरण बल्कि उसमें रहने वाले अनगिनत जीवों के शरीर में पहुंच चुका है और उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से कई प्रजातियां पहले ही खतरे में हैं।

यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों में यह फ ॉरएवर केमिकल मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक चूंकि यह केमिकल्स आसानी से नष्ट नहीं होते ऐसे में यह लम्बे समय तक वातावरण में मौजूद रहते हैं। इतना ही नहीं यह वातावरण के माध्यम से लंबी दूरी तक भी जा सकते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में जो जहां जीव अभी भी औद्योगिक स्त्रोतों से दूर है जैसे अंटार्कटिका में पेंगुइन या आर्कटिक में ध्रूवीय भालू भी इन हानिकारक केमिकल्स के चपेट में आ सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि इन हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आने से वन्यजीवों को भी इसी तरह नुकसान हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह संभावित स्वास्थ्य समस्याएं लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ-साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है।

'फॉरएवर केमिकल्स' की ही भांति वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी के कारण भी वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बढ़ी है। लम्बे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्यजीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। लेकिन, यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी को रोकने के लिए भारत समेत पांच देशों की सामूहिक रणनीति से काम करने की पहल को सकारात्मक ही कहा जाएगा। तस्करी के कारण जिन देशों में वन्यजीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है।

आमतौर पर तस्करी के जरिए दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाए जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के विशेषज्ञों के साथ मिलकर दो दिन तक इस संकट पर गहन मंथन भी किया है। इन देशों ने वन्यजीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई है। यह तंत्र इन देशों में वन्यजीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित बात है कि वन्यजीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्यजीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्यजीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। यह तथ्य भी सामने आया कि इन दिनों वन्यजीवों की तस्करी के लिए वायु मार्ग प्रमुख माध्यम बन गया है। इन जीवों को अफ्रीकी देशों से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें चीन व भारत में भेजा जा रहा है।

भारत ने विदेशी वन्य जीवों की तस्करी रोकने के लिए अपने स्तर पर पहले ही व्यापक पहल की है। हवाई अड्डों पर सख्त जांच व निगरानी से विदेशी जीवों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयास रंग लाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2022 में 50 बार विदेशी वन्यजीवों को तस्करों से अपने कब्जे में लिया है। इनमें हुलॉक गिबन, विदेशी कछुए, बड़ी छिपकलियां, बीवर, मूर मकैक, बौने नेवले, पिग्मी मार्मोसेट बंदर, डस्की लीफी मंकी और बॉल पाइथन जैसे विदेशी जीव शामिल हैं। विश्व वन्य जीव दिवस जैसे आयोजनों पर यह अभियान और गति पकड़े ताकि विभिन्न एजेंसियों के सामूहिक तंत्र के जरिए लुप्त होते वन्यजीवों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सके। विश्व वन्यजीव दिवस को मनाने का मकसद बहुत ही साफ है कि दुनियाभर में जिस भी वजहों से वन्यजीव और वनस्पतियों लुप्त हो रही हैं उन्हें बचाने के तरीकों पर काम करना। पृथ्वी की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए वनस्पतियां और जीव-जंतु बहुत जरूरी हैं।

पृथ्वी पर जीवन का विकास पर्यावरण के अनुकूल ऐसे माहौल में हुआ है, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतु सभी आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैवविविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाए तो सम्पूर्ण जीव-जगत का संतुलन बिगड़ जाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, अन्यथा किसी भी एक वन्य प्राणी के विलुप्त होने पर पूरी संरचना धीरे-धीरे बिखरने लगती है। चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीव एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अन्य प्राणियों की विलुप्ति से हम इंसानों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नए वैज्ञानिक अध्ययन चेताते हैं कि इंसान जानवर को महज जानवर न समझे, बल्कि अपना वजूद बनाए रखने का सहारा समझे। दो या तीन दशकों के भीतर इंसान अगर वन्य जीवों की संख्या में हो रहे गिरावट को नहीं रोक पाया, तो मानव अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।


**यह निजी विचार है।**

# आमने सामने का चुनाव मैदान सजा !

**अजीत द्विवेदी**

देश में आमने सामने के चुनाव का मैदान सज गया है। कई दशक के बाद पहली बार यह होता दिख रहा है कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला होगा और राज्यों में भी लोकसभा का चुनाव आमने सामने का होगा। जहां गठबंधन नहीं है वहां भी कोई त्रिकोणात्मक मुकाबला होता नहीं दिख रहा है। विपक्षी गठबंधन ने आमने सामने चुनाव की तैयारी वोट के गणित के आधार पर की है। पिछले चुनाव में भाजपा को 37 फीसदी वोट मिले थे और तमाम सहयोगियों को मिला कर उसका वोट 40 फीसदी पहुंचा था। इसका मतलब था कि 60 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा के खिलाफ वोट डाला था। विपक्षी गठबंधन की कोशिश इस 60 फीसदी वोट का 70 फीसदी हासिल करना है। अगर ऐसा हो जाता है तो उसका वोट भाजपा से ज्यादा हो जाएगा।

तभी दूसरी ओर भाजपा ने सबसे ज्याद वोट हासिल करके 272 का जादुई आंकड़ा पार करने की बजाय 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करके 370 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीटें हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक हुए लोकसभा के 17 चुनावों में चार सौ सीट तो एक बार कांग्रेस पार्टी को हासिल हो चुकी है लेकिन किसी पार्टी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले हैं। जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 1984 में 415 सीटें हासिल की थीं, तब भी कांग्रेस को 48 फीसदी ही वोट मिले थे। नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 2019 में 303 सीटें और 37 फीसदी वोट मिले थे। इस बार वे 50 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य लेकर लड़ रहे हैं तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन बिखरे हुए विपक्षी वोट को एकजुट करने और उसका बड़ा हिस्सा हासिल करने की तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहा है। ध्यान रहे इससे पहले जब भी आमने सामने का चुनाव हुआ है तब सत्तारुढ़ दल की हार हुई है। पहली बार 1977 में और दूसरी बार 1989 में यह देखने को मिला था। तभी इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत अहम होने वाला है। इसमें यह तय होगा कि विपक्ष एकजुट होकर भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को हरा पाएगा नहीं और इतने ध्रुवीकरण के बाद कोई गठबंधन 50 फीसदी वोट हासिल कर पाता है या नहीं? कई जानकार मान रहे हैं कि इस बार विपक्ष का वैसा गठबंधन नहीं है, जैसा 1977 में था या जिस तरह का गठबंधन 1989 में था। लेकिन ऐसा नहीं है। इस बार भी विपक्षी पार्टियों ने आमने सामने की लड़ाई का गठबंधन बना लिया है और जहां गठबंधन बना हुआ नहीं दिख रहा है वहां उसे जान बूझकर छोड़ा गया है। यानी गठबंधन को उसी तरह से डिजाइन किया गया है। वहां भी मुकाबले आमने सामने का ही होगा। तीन राज्य अपवाद हैं, जहां त्रिकोणात्मक मुकाबले की संभावना फिलहाल दिख रही है।पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण अकाली दल और भाजपा की वजह से बनेगा। इसी तरह आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस बनाम टीडीपी गठबंधन का मुकाबला होगा, जिसमें तीसरा कोण बनने की कोशिश कांग्रेस कर रही है। तीसरा राज्य तेलंगाना है, जहां कांग्रेस और केसीआर की पार्टी का मुकाबला होगा, जिसमे भाजपा तीसरा कोण बनेगी। इसके अलावा तीन राज्य ऐसे हैं, जहां तीसरी पार्टी लड़ेगी लेकिन मुकाबला त्रिकोणात्मक नहीं होगा।



केरल में लेफ्ट और कांग्रेस मोर्चे का आमने सामने का मुकाबला है। भाजपा अकेले लड़ेगी लेकिन वह लड़ाई को त्रिकोणात्मक नहीं बना पाएगी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई होगी, जिसमें अगर कांग्रेस अलग भी रही तो वह और लेफ्ट मिल कर तीसरा कोण नहीं बन पाएंगे। केरल और पश्चिम बंगाल में मुकाबला आमने सामने का ही होगा। ओडिशा में मुकाबला बीजू जनता दल बनाम भाजपा है, जबकि कांग्रेस तीसरा कोण बनाने की कोशिश करेगी। कह सकते हैं कि देश की 543 लोकसभा सीटों में से साढ़े चार सौ से ज्यादा सीटों पर आमने सामने की लड़ाई होनी है।आमने सामने की लड़ाई यानी भाजपा के एक उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारने के सिद्धांत पर पिछले साल मई में चर्चा हुई थी और सहमति भी बनी थी। लेकिन बाद में ऐसा लगा कि विपक्ष की यह रणनीति कागजी बन कर रह जाएगी क्योंकि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में चुनाव हार गई और उसके बाद विपक्षी गठबंधन के मुख्य नेता नीतीश कुमार अलग होकर वापस एनडीए में चले गए।

लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि विपक्षी पार्टियां उस झटके से उबर गई हैं और एकजुट होकर लडने् की तैयारी कर रही हैं।जिन दो राज्यों के नेताओं को लेकर सबसे ज्यादा आशंका जताई जा रही थी उन्होंने कांग्रेस के साथ तालमेल कर लिया। अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल को लेकर आशंका जताई जा रही थी। लेकिन अखिलेश ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 17 सीटें दीं, जिसके बदले में कांग्रेस उनके लिए मध्य प्रदेश में एक सीट छोडने् पर राजी हो गई। इसी तरह कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और गोवा में तालमेल कर लिया।कांग्रेस की जहां पुरानी सहयोगी पार्टियां हैं यानी जहां पुराना यूपीए मौजूद है वहां भी जल्दी ही तालमेल हो जाएगा। महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने 48 में से 40 सीटों का फैसला कर लिया है। आठ सीटों पर मामला अटका है, जिसमें छह सीटें मुंबई की हैं। तमिलनाडु में डीएमके ने कांग्रेस को नौ सीटें देने का ऐलान कर दिया है लेकिन तीन या चार सीटों पर अदला बदली की चर्चा हो रही है।इसी तरह बिहार, झारखंड और जम्मू कश्मीर में भी पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ सीटों पर कमोबेश सहमति बन गई है। इस तरह देश के ज्यादातर राज्यों में एनडीए बनाम इंडिया' की लड़ाई का मैदान सज गया है। विपक्षी गठबंधन ने धीरे धीरे चुनाव का एजेंडा तय करना भी शुरू कर दिया है।

**यह निजी विचार है।**

### आमने सामने का चुनाव मैदान सजा!

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक**

## खास खबर

### जिले में 3 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार की दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान जिले में 3 मार्च से 5 मार्च तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाई जाएगी। जिले में कुल 41395 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिले में कुल 324 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 600 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम का बेहतर सुपरविजन के लिए 33 पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सभी ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अंतरविभागीय की ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन कर जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिले में मोबाइल टीम एवं ट्रांजिट टीम का भी गठन किया गया है। जिससे पहुंचविहीन क्षेत्र में पहुंचकर बच्चों का दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर एस मंडल ने जिले के आम जनों से अपील की है कि दिन रविवार 3 मार्च को अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाए।

### एनसीईआरटी के शिक्षाविदों ने कमार बस्ती में जाकर किया फील्ड टेस्ट

**महासमुन्द।** एनसीईआरटी के प्रोफेसर डॉ. उषा शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी सीएनसीएल, प्रशांत पांडेय सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, एनसीईआरटी सीएनसीएल सलाहकार अमन गुप्ता एवं भावना खरे ने आज ग्राम झालखम्हरिया के कमार डेरा में जाकर पाठ्य सामग्री का फील्ड टेस्ट किया। उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास केंद्र के शिक्षार्थियों का पाठ्य सामग्री का फील्ड टेस्ट हेतु महासमुंद के ग्राम झालखम्हरिया का चयन किया गया था। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम तहत असाक्षर शिक्षार्थियों हेतु एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई पाठ्य सामग्रियों का कमार पारा,झालखम्हरिया के असाक्षर शिक्षार्थियों हीरालाल, रमऊ, रामेश्वर, फूलमत, गया बाई, पुन्नी बाई, सूरज कमार, बैशाखू, राकेश, लोकेश्वरी, दीना, संगीता, मानकुवर, मधु कमार, रोहणी, बिमला, फूलेश्वरी, मनीषा, रामसिंग, फूलबाई, देवेंद्र के साथ एनसीईआरटी नई दिल्ली की सीएनसीएल राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. उषा शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एनसीईआरटी के अमन गुप्ता, भावना खरे द्वारा पढ़ना लिखना गढ़ना उद्देश्य और लक्ष्य की पूर्ति हो पा रहा है या नहीं का परीक्षण किया गया। जिसमें सभी शिक्षार्थी ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। पाठ्य सामग्री शिक्षार्थी को सीखने की प्रक्रिया का क्रियान्वयन करने में प्रशांत पाण्डेय सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, मीना पाणिग्रही प्राचार्य डाइट, रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद, यशवंत साहू, सरपंच ग्राम पंचायत झालखमरिया, अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक डाइट, लीलाधर सिन्हा बीईओ महासमुंद, सम्पा बोस एपीसी समग्र शिक्षा, गजेंद्र धुव एबीईओ, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद, ईश्वर चंद्राकर फैकल्टी डाइट, बद्रिका ध्रुव साक्षरता नोडल अधिकारी बागबाहरा, ईश्वर कमार, अनिल ढ़ीढ़ी, गीता यादव, शशिकला निराला सहित प्रशासनिक एवं अकादमिक अमला सहायोग हेतु उपस्थित थे। फील्ड टेस्ट के पश्चात सुमित्रा राम सिंह कमार के आग्रह पर उनके घर जाकर अधिकारियों ने भोजन ग्रहण किया।

# राजिम कुंभ कल्प 2024 : जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी से मेला आगंतुकों को मिल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी

राजिम। राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी से मेला आगंतुकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल और सुलभ तरीके से मिल रही है। प्रदर्शनी को मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया है। मेला आने वाले लोग प्रदर्शनी डोम में विभिन्न योजनाओं की जानकारी एलईडी में देख पा रहे है।




एलईडी डिस्प्ले से वीडियो के माध्यम से योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी स्थल में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री साय के छायाचित्र के साथ फोटो खींचाकर तत्काल निशुल्क मोबाइल में प्राप्त करने की भी सुविधा उपलब्ध है।

लोग बड़ी संख्या में आकर योजनाओं की जानकारी लेने के साथ पीएम और सीएम के साथ फोटो खिंचवा रहे है। मेला आगंतुक प्रदर्शनी स्थल में शासन द्वारा 18 लाख परिवारों के आवास स्वीकृति, महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता, रामलला दर्शन योजना, तेंदूपत्ता का खरीदी दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा, 50 लाख से अधिक नल जल कनेक्शन, युवा शक्ति को शासन द्वारा पुलिस भर्ती में दिए गए आयु सीमा में छूट एवं सीजीपीएससी में अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई जांच का निर्णय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रहे है।

साधु संत भी पहुंच रहे प्रदर्शनी स्थल तक- राजिम कुंभ कल्प में देशभर से साधु संतो का आगमन शुरू हो गया है। आगंतुक संत जन मेला स्थल का भ्रमण करने के साथ जनसंपर्क प्रदर्शनी स्थल तक भी पहुंच कर योजनाओं के बारे में जानकारी ले रहे है। साथ ही राजिम मेला को पुन: राजिम कुंभ कल्प के रूप में आयोजित करने के लिए सरकार की प्रशंसा भी कर रहे है। इसी तारतम्य में सिद्धिविनायक आश्रम से आए साधुओं ने प्रदर्शनी स्थल में आकर योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा भी की। इसी प्रकार रानीपरतेवा से आए ग्रामीण श्री मिथलेश सेन ने शासन द्वारा 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उनके परिवार के रहने के लिए पक्का आवास बन चुका है।

### राकेश तिवारी द्वारा रचित नृत्य नाटिका ''छत्तीसगढ़ में राम'' की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया भाव विभोर

राजिम कुंभ कल्प मेला के पांचवे दिन मुख्य मंच पर राकेश तिवारी द्वारा रचित लोक नृत्य नाटिका ''छत्तीसगढ़ में राम'' की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। राकेश तिवारी की टीम द्वारा नाटिका में बताया कि भगवान श्री राम छत्तीसगढ़ वासियों का भांचा है। इस नाटिका में चंदखुरी का विशेष उल्लेख किया गया। राम, लक्ष्मण और सीता वनवास के समय राजिम से बस्तर होते हुए पंचमढ़ी जाते है उनके साथ बस्तर वासी भी जहां जाते थे लेकिन भगवान राम कहते है कि मुझे ही पिताजी से आज्ञा मिली है कि उसी का पालन कर रहा हूं। इस लोक नाटिका को लोक भावुक होकर देखते रहें इस नाटिका को विभिन्न गीतों के माध्यम से राम नाम की महिमा का बखान किया गया। जिसमें फगुन गीत के धुन पर प्रभु मोर विराजे अवध में.... गीत को सुनकर दर्शक भी राम-राम जपने लगे। कार्यक्रम की अगली कड़ी रायगढ़ से पहुंचे ललित यादव ने सुगम संगीत की शुरूआत की। मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा.... जैसे गीतों की प्रस्तुति ने समा बांधा।



# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक सम्पन्न

**महासमुन्द।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक में कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को शिक्षा लोन, किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें।

कलेक्टर ने जिले के बैंकों की कामकाज के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर मनीष दास एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफइंडिया के निर्देशानुसार बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक रखना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों को उनके आवश्यकता और जरूरत के अनुसार आसानी से लोन उपलब्ध कराने में बैंकर्स सहयोग करें। जिला सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान शासकीय योजनाओं की समीक्षा में पीएम स्वनिधि योजना व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पात्र प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राहियों को क्लेम दिलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व पशुपालन, ग्रामोद्योग विभागों के प्रकरण के त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रतिमाह निःशुल्क मिलेगा 300 यूनिट बिजली का लाभ



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना को 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है।

इसके अंतर्गत हितग्राहियों को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है जिसमें देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया गया है। इस योजना के तहत हितग्राही अपने घर की छत पर सौर पैनल स्थापित करा सकते है। इसके साथ ही विभिन्न क्षमता अनुसार सौर संयंत्र स्थापित करने पर सब्सिडी का भी प्रावधान रखा गया है तथा सस्ते ब्याज दर पर लोन भी प्रदान किया जाएगा साथ ही सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा हो जायेगा।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हेतु क्षमतावार रूफ्टॉप सौर संयंत्र स्थापित कराने पर सब्सिडी का प्रावधान है जो इस तरह है 1 से 2 किलो वॉट रूफ्टॉप सोलर पावर प्लांट क्षमता के तहत 0 से 150 मासिक बिजली बचत यूनिट में 30,000 से 60,000 सब्सिडी का प्रावधान है। इसी तरह 0 से 3 किलो वॉट रूफ्टॉप सोलर पावर प्लांट क्षमता के तहत 150 से 300 मासिक बिजली बचत यूनिट में 60,000 से 78,000 सब्सिडी एवं 3 किलो वॉट से अधिक रूफ्टॉप सोलर पावर प्लांट क्षमता के तहत 300 से अधिक मासिक बिजली बचत यूनिट में 78,000 सब्सिडी का प्रावधान है। क्रेडा विभाग महासमुंद के जिला प्रभारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से कम बिजली खर्च होगा तथा आमजनों में नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत्र के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी। योजना का लाभ लेने के लिये हितग्राही अधिकारित वेबसाईट https//pmsuryaghar.gov.in/ या pmsuryaghar App डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी क्रेडा विभाग, जिला कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर सकते है।

# संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी

**राजनांदगांव।** राज्य स्तरीय बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता दुर्ग में हुआ था आयोजित। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित। सभी खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ दी बधाई। संस्कारधानी राजनांदगांव के खिलाड़ियों को राकेश सिंह एवं अंजू सिंह द्वारा मार्गदर्शन एवं पावर लिफ्टिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है।

दिनांक 25/02/2024 को दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में राजनांदगांव के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी (महिला एवं पुरुष) पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में राजनंदगांव पुलिस विभाग के श्री राकेश सिंह सहायक सेनानी आठवी बटालियन ने एक गोल्ड, एक कांस्य पदक एवं स्ट्रांग मैन का खिताब , महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह ने बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। राजनांदगांव के प्रतीश यूनुस ने बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल, रागिनी साहू ने बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल, रेहान शरीफ ने बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल, बिट्टू नायक ने डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल, संतोष साहू ने बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल साथ ही स्ट्रांग मेन का खिताब, बेन कौर ने बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल, तुषार शोरी ने बेंच प्रेस में ब्रोंज मेडल, चंचल गुप्ता ने बेंच प्रेस में गोल्ड, मधु कहर ने बेंच प्रेस में गोल्ड, सपना कौर ने बेंच प्रेस में गोल्ड, देवेद वर्मा बेंच एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड, कुशाल सोलंकी बेंच एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड, लकी ने बेंच प्रेस में गोल्ड, कृष्पी साहू ने बेंच एवं डेडलिफ्ट में गोल्ड, दीपांशु ने डेडलिफ्ट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दीपक झा के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों का अपने कार्यालय में सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय पुलिस विभाग के सहायक सेनानी श्री राकेश सिंह तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह को दिया।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में छात्र क्षय रोग से हुए जागरूक

**दंतेवाड़ा।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में क्षय रोग के प्रति जनजागरूकता चलाया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री के मंशा अनुरूप 2025 तक क्षय मुक्त भारत लक्ष्य के तारतम्य में दंतेवाड़ा जिले में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में विद्यार्थियों को क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि क्षय एक संक्रामक बीमारी है जो कि हवा के माध्यम से सक्रिय जीवाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करते है। मुख्य रूप से क्षय दो प्रकार के होते है पल्मोनरी, एवं एक्स्ट्रा पल्मोनरी, क्षय रोग से संक्रमित व्यक्ति में लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, शाम को तेज बुखार आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, रात को पसीना आना, बलगम के साथ खून आना।जैसे शुरुआती लक्षण पाए जाते है,इसके साथ ही इसके इलाज की भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बीमारी का सभी शासकीय अस्पताल में या निजी चिन्हित अस्पतालों में निशुल्क इलाज होता है। और कम से कम 6 माह तक इसकी दवाई (डॉट्स) का सेवन करने से बीमारी छुटकारा पा सकते है। चूंकि छात्र, शिक्षित एवं समझदार पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते है इसलिए छात्रों को जागरूक करते हुए समझाइश दी गई कि किसी व्यक्ति या छात्र में लक्षण दिखने पर तत्काल अपने शिक्षक या मितानिन,स्वास्थ्य कार्यकर्ता,को सूचित करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु प्रेरित करें इसके अलावा समस्त छात्रों को शपथ भी दिलाया गया। रविन्द्र कर्मा टीबी मितान, समस्त शिक्षक, स्टाफनर्स,उपस्थित थे।



# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए शासन की योजनाओं का लाभ- कलेक्टर

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के अकलतरा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से लगाए गए दिव्यांगता जांच शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, हेल्थ किट, उपकरण, व्हीलचेयर का वितरण किया।



उन्होंने शिविर के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए एवं ब्लॉक स्तरीय मेगा दिव्यांग शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत स्कूली विद्यार्थियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिविर में 199 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पात्रतानुसार स्कूल विद्यार्थियों का प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा एवं पोषण पुनर्वास केंद्र अकलतरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र की कनिका, हिशिता केवट को गोद में उठाकर दुलार किया और करते चॉकलेट के साथ गुलाब का फूल भी दिया।

कार्यक्रम को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए और इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। और आयुष्मान कार्ड के लिए लगाए जा रहे शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों का कार्ड बनाया जाए और इससे स्वास्थ्य के लिए मिलने वाली सुविधा का लाभ हितग्राही उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से कई तरह की सुविधाएं दी जा रही है। इनमें महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े श्रमिकों का पंजीयन करते हुए श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ श्रमिक आसानी से उठा सके।

इस दौरान शिविर में कलेक्टर ने मुस्कान भैना, कमलेश्वरी, नीतू सोनझरी, जय कुमार सोनवानी, नीलम रात्रे, राम प्रकाश, मधु साहू गीता कश्यप, प्रेम नायक कृष्णकुमार साहू, अनुराग यादव, कृष्ण कुमार साहू, दीपू कैवर्त, सृष्टि कुमार चौधरी को विभिन्न उपकरण का वितरण किया। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया।

इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मरीजों दी जाने वाली सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत, एमसी आर के तिवारी, अनिल जगत, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, एसडीएम अकलतरा, बीईओ, बीएमओ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अब धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में भी थमेंगे, वन्दे भारत के पहिये





राजनांदगांव। संवाददाता। लोकशक्ति।

सांसद संतोष पाण्डे ने संसदीय क्षेत्र के तीर्थ एवं धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में वन्दे भारत एक्सप्रेस के पहिये थमने की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। आज, रेल मंत्रालय से उक्त आशय का पत्र प्राप्त करते ही सांसद पाण्डे ने माँ बम्लेश्वरी, भगवान बुद्ध, आचार्य विद्यासागर जी को प्रणाम करते हुए सामर्थ्य देने के लिये क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद ने बताया है कि गत माह समपन्न हुए बजट सत्र के दौरान रेल मंत्री माननीय अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में आस्था की प्रतीक माँ बम्लेश्वरी की धरा डोंगरगढ़ में वन्दे भारत एक्सप्रेस के ठहराव के लिये निरंतर निवेदन किया, जिसका परिणाम आज उन्हें प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि पत्राचार और मुलाकात में उन्होंने रेल मंत्री को अवगत कराया कि धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ के उन्नयन और विकास के लिये पर्यटन विभाग से प्रसाद योजना के तहत 45 करोड़ रूपये की लागत के कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें श्रीयंत्र सहित साधना केन्द्र व अन्य सुविधायें पर्यटकों व श्रद्धालुओं को प्राप्त होगी। कार्य पूर्ण होते ही पर्यटकों की संख्या में एकाएक वृद्धि होगी। डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी तीर्थ के अतिरिक्त भगवान बुद्ध का तीर्थ प्रज्ञागिरि तथा आचार्य विद्यासागर जी की कर्मस्थली चंद्रगिरि तीर्थस्थल है, जहाँ हिन्दुओं सहित बौद्ध और जैन मतावलंबियों का न सिर्फदेश वरन विदेशो से भी वर्षभर आना-जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में समीपस्थ मेट्रो शहर रायपुर तथा नागपुर से सुविधायुक्त वातानुकूलित रेल के रूकने से श्रद्धालुओं को सुविधा एवं आसानी होगी। वन्दे भारत ट्रेन क्रमांक 20825/26 के डोंगरगढ़ में ठहराव के लिये सांसद पाण्डे ने प्रधानमंत्री मोदी सहित रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है, वहीं रेल के रूकने से डोंगरगढ़ सहित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों व व्यापारियों में प्रसन्नता व उत्साह की लहर है। वन्दे भारत के ठहराव के लिये क्षेत्रवासियों ने सांसद पाण्डे का आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 03 मार्च से होगा शुरू

जांजगीर-चांपा

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 03 मार्च से 05 मार्च 2024 चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान में जांजगीर जिले के 0 से 05 वर्ष तक के 1 लाख 53 हजार 914 बच्चों को पोलियों खुराक दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 03 मार्च को बुथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बुथ गतिविधियों में छुटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा गृह भेंट कर पोलियों की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। जिले में 922 बुथ बनाए गए जिसमें ग्रामीण स्तर में 767, शहरी स्तर में 155 तथा ट्रांजिट दल 21 एवं मोबाईल दल 10 बनाए गये हैं। जिसमें कुल 2766 वैक्सीनेटर एवं 129 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य सम्पादित करेंगे। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सभी अभिभावकों से अपील हैं कि वे अपने 05 साल तक के सभी बच्चों को 03 मार्च 2024 को पल्स पोलियों बुथ पर लाकर पोलियों वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्यक पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियों अभियान की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं आवश्यक सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरीत की जा चुकी हैं। अभियान के सफल संचालन हेतु वैक्सीनेटर को प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। जिले के मेला, बाजार, ईंटा भट्ठों, मलीन बस्तियों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में पोलियों खुराक पिलाने के लिए ट्रांजिट एवं मोबाईल टीम का गठन किया गया हैं।

# कलेक्टर ने सुशासित ग्राम अभियान की कनई से की शुरूआत

### कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीनीकृत राशन कार्ड किया प्रदाय

### ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राहियों को घर पहुंच मिलेगा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ





जांजगीर-चांपा कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 01 मार्च से ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का घर पहुंच लाभ दिलवाने सुशासित ग्राम अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कनई से सुशासित ग्राम अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीनीकृत राशन कार्ड प्रदाय किया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कनई में श्रीमती कुसुमलता, रजनी बाई, कलिंद्री बाई, ईश्वरी बाई, सावित्री बाई, दुर्गा, ननकी नोनी को नवीनीकृत राशन कार्ड प्रदाय किया। नंदिनी बाई प्रधान, गोकुल कश्यप, माघिलाल चंद्रेश, बैशाखा बाई को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। सुशासित ग्राम अभियान में पेंशन योजना, जाति प्रमाण पत्र, फौती नामांतरण, दिव्यांगजन चिन्हांकन व लाभ प्रदान करना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसे फ्लेगशिप योजनाओं के संबंध में ग्राम स्तरीय सर्वे दल के द्वारा प्रत्येक ग्रामीण के घर पर जाकर विस्तृत सर्वे किया जायेगा। अभियान में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाना, फौती नामांतरण दर्ज कर निराकरण करना, नवीन राशन कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करना व पुराने राशन कार्ड का अद्यतन करना, पेंशन की पात्रता रखने वालों को पेंशन योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांगजनों की पहचान कर योजनाओं का लाभ दिलाने, आयुष्मान कार्ड जारी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत ई-केवाइसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग एवं केसीसी योजनाओं में पात्र पाए गए हितग्राहियों को समय-सीमा में उनका लाभ दिलाया जायेगा।

# जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया गया निरीक्षण



जांजगीर-चांपा जांजगीर-चांपा 01 मार्च 2024/ सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। जहां 01 बच्चे की उम्र विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर के रूप में संदेहास्पद पाये गये। जिनका उम्र सत्यापन कराया जाएगा। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी पत्नी जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा।

जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रांरभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) सुश्री पूजा तिवारी, विधिक सह परिविक्षा अधिकारी श्री सम्मेसिंह कवंर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव, जेल अधीक्षक श्री भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में किया गया 1 फरवरी से 29 फरवरी तक राजस्व शिविर का आयोजन



जांजगीर-चांपा जांजगीर-चांपा

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 1 फरवरी से 29 फरवरी तक राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों में सुधार, नये राजस्व प्रकरणों को दर्ज करना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, आधार से ई-केवाईसी, खसरे की आधार से लिंकिंग, आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। इसके साथ ही शिविर में लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व शिविर जिले के सभी 176 पटवारी हल्का मुख्यालय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 4391 आवेदन प्राप्त हुए तथा 3864 का त्वरित निराकरण किया गया। बाकि शेष 527 आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# समूह की महिलाएं बना रही फूल पत्तियां से हर्बल गुलाल

### दूसरे जिले में भी कर रही हैं समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का विक्रय

### चुकंदर से लाल तो पालक से हरा गुलाल





जांजगीर-चाम्पा ।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक फूल पत्तियों के माध्यम से हर्बल गुलाल बना रही है। हर्बल गुलाल बनाने में गुलाब, गेंदा, चांदनी, रात रानी के फूल, टेशू के फूलों सहित पत्तियां, एवं पालक भाजी, लाल भाजी का उपयोग किया जा रहा है, जो त्वचा को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाता है। समूह की महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव के हाट बाजार में विक्रय किया जा रहा है, तो वहीं समूह की महिलाएं जिले सहित दूसरे जिले में सरस मेला के दौरान तैयार हर्बल गुलाल का विक्रय कर रही है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल कुमार रावटे ने नागरिकों से अपील की है कि स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर महिला समूहों का मनोबल बढ़ाएं।

होली त्यौहार के दौरान लोगों को केमिकल युक्त रंग गुलाल के अलावा कुछ नहीं मिलता था, इसका उपयोग करने से हर बार होली के त्यौहार पर त्वचा संबंधी बीमारियों को लेकर लोग परेशान रहते थे. ऐसे में हर्बल गुलाल के उत्पादन की दिशा में समूह की महिलाओं ने कदम बढ़ाया। जिले में समूहों द्वारा न केवल हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा बल्कि सुगंधित अगरबत्ती, फिनाइल एवं मसाले भी वाजिब दाम पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बलौदा में रानी दुर्गावती स्व सहायता समूह के द्वारा हरदी विशाल ग्राम पंचायत में हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। विकास विस्तार अधिकारी श्रीमती प्रियंका देवांगन ने बताया बिहान के माध्यम से समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें हर्बल गुलाल तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे प्रेरित होकर समूह की महिलाएं मिलकर हर्बल गुलाल तैयार की है। समूहों के द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का विक्रय लगातार किया जा रहा है। बलौदा ग्राम पंचायत हरदी विशाल में रानी दुर्गावती स्व सहायता समूह की खिलेश्वरी, कृष्णाबाई, सोधिन बाई, गौरीबाई, नेहाबाई, जुगूरबाई एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि विभिन्न प्रकार के फूलों, पत्तियों एवं भाजियों के माध्यम से विभिन्न रंगों के गुलाल तैयार किये जा रहे हैं। समूह की महिलाएं विगत माह से गुलाल बनाने का कार्य कर रही है। इन फूलों पत्तियों को सुखाकर उसे पीसकर फिर छानकर गुलाल तैयार किया गया हैं। हरा गुलाल पालक भाजी, तुलसी, हरी पत्तियों का उपयोग करते हुए तैयार किया जा रहा है तो चुकंदर का रस, मदार के फूल का उपयोग करते हुए लाल गुलाल बनाया जा रहा है। इसी तरह हल्दी, चंदन, गेंदा फूल से पीला गुलाल एवं अपराजिता, भाटा फूल से बैंगनी गुलाल तैयार किया जा रहा है।

## खास खबर

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत तेजी से हो रहे हैं आवास निर्माण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी के तहत अपने पहले ही कैबिनेट में प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर योजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में तेजी से आवास निर्माण का कार्य किया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पिछले तीन महीने में ही 5 हजार 611 आवास निर्माण के कार्य पूर्ण किए गए हैं। जशपुर जिले के सभी जनपदों में वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 61 हजार 784 आवास स्वीकृत हुए है। इनमें निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत अमलों की सतत मॉनीटरिंग में अब तक 53 हजार 121 आवास पूर्ण हुए हैं और शेष आवासों की मॉनीटरिंग भी लगातार की जा रही है। राज्य शासन से हितग्राहियों के किस्त की राशि समय से प्राप्त हो रही है। जिससे सभी प्रगतिरत आवास को तय समय-सीमा में पूर्ण करने में हितग्राहियों को आसानी हो रही है।

### एनआईटी ने जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और आईआईटी कानपुर के साथ लीड कंसोर्टियम इंस्टीट्यूट के रूप किया एमओए

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार),शिक्षा मंत्रालय( भारत सरकार) सेंटर फॉर गंगा , भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर और एनआईटी राउरकेला के साथ महानदी बेसिन प्रबंधन अध्ययन केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। एनआईटी रायपुर इस एमओए में अग्रणी कंसोर्टियम संस्थान है और एनआईटी राउरकेला महानदी बेसिन के लिए इसका फेलो कंसोर्टियम संस्थान है। एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव ने नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार और प्रोफेसर उमामहेश्वर राव करणम, निदेशक, एनआईटी राउरकेला की उपस्थिति में एमओए पर हस्ताक्षर किए। एमओए हस्ताक्षर समारोह के दौरान केंद्र प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी के साथ परियोजना अन्वेषक डॉ. इश्तियाक अहमद और डॉ. मणि कांत वर्मा उपस्थित रहे।

### विकासखण्ड स्तरीय पशुमेला एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**कांकेर।** पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय पशुमेला का आयोजन आज जिले के ग्राम आलबेड़ा में किया गया, जिसमें दुधारु गाय, उन्नत नस्ल के बछड़ा एवं बछिया, बैल, भैस, उन्नत नस्ल के बकरे, मुर्गे के प्रदर्शनी के साथ विभिन्न वर्ग के पशुओं की प्रतियोगिता हुई। चयन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ग के प्रतियोगिता में पशुओं को उनकी उन्नत नस्ल एवं उत्तम, स्वास्थ्य के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पशुपालकों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मेला में विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को पशुपालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पटोदी, जनपद सदस्य श्रीमती सावित्री सलाम, सरपंच श्रीमती सेवती सलाम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता को सही ढंग से समझे अधिकारी - निलेश क्षीरसागर

## निर्वाचन के दौरान मीडिया का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने प्रमाणन समितियां होंगी सक्रिय

रायपुर। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा है कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने में निर्वाचन क्षेत्र के अधिकारियों की भूमिका अहम होती है। हर स्तर के अधिकारी आचार संहिता के सभी पहलुओं को जानें, तभी नियमों का पालन सुनिश्चित हो सकेगा। लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की कड़ी में आज वे आदर्श आचरण संहिता, मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समिति एवं व्यय निगरानी समिति के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स के एक दिवसीय प्रशिक्षण को संबोधित कर रहे थे।




इसमें प्रदेश के 17 जिलों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शेष जिलों के अधिकारियों के लिए 1 मार्च को यह प्रशिक्षण आयोजित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन से जुड़े विभिन्न स्तरों के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं।

प्रशिक्षण के दौरान आज मास्टर ट्रेनर तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यू.एस. अग्रवाल और अपूर्व प्रियेश टोप्पो, मास्टर ट्रेनर दुष्यंत रायस्त, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा और श्रीमती शारदा अग्रवाल ने एमसीसी, एमसीएमसी तथा ईईएम से संबंधित तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी अधिकारियों को दीं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यू.एस. अग्रवाल ने प्रशिक्षण में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा होते ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो जाती है। इस स्थिति में प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक यह सुनिश्चित करें कि इस दौरान किसी भी शासकीय भवन, शासकीय मशीनरी का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए न हो। इस दौरान धन के बड़े पैमाने पर लेन-देन, जुलूस, राजनीतिक सभा, समारोह की रिकॉर्डिंग, आपत्तिजनक भाषा में राजनीतिक भाषण, वाहनों की अनाधिकृत आवाजाही, प्रचार सामग्री के परिवहन सहित अन्य विषय जो सीधे अथवा परोक्ष रूप से निर्वाचन गतिविधि के तहत संपन्न हो रही है, ऐसे सभी कार्यों पर आदर्श आचरण संहिता के तहत निगरानी रखें। आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करना प्रशासनिक अधिकारी का दायित्व है। प्रशिक्षण के दौरान वाहनों के उपयोग, विश्राम भवनों तथा स्कूल भवनों के उपयोग जैसे विषयों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की भी जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स ने आदर्श आचरण संहिता के व्यापक दायरे तथा अधिकारियों के दायित्वों और सीमाओं पर नोडल अधिकारियों तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

मास्टर ट्रेनर दुष्यंत रायस्त और अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने निर्वाचन व्यय निगरानी समितियों के दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों को प्रतिदिन अपने निर्वाचन व्यय का संधारण करना है। अभ्यर्थियों के प्रचार के दौरान विभिन्न निगरानी समितियों के माध्यम से भी इस बात का मिलान करें कि व्यय की गणना मापदंडों के अनुरूप हो रही है या नहीं। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल ने प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समितियों की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया का राजनीतिक विज्ञापन के लिए उपयोग निर्वाचन के दौरान लगातार बढ़ा है। एमसीएमसी के जरिए राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के तरीकों पर नजर रखी जाती है। श्रीमती अग्रवाल ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय कर इसे और प्रभावी तथा कारगर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया सेल का गठन करें। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रसारित विज्ञापन बिना अधिप्रमाणन प्रसारित होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी समिति के पास पर्याप्त अधिकार है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन वाले विज्ञापन को प्रमाणन के स्तर पर ही अनुमति प्रदान नहीं करें। संदिग्ध पेड न्यूज के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान देकर नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

निर्माणी श्रमिकों को मिलेगा 1500 रुपए पेंशन

# श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने किया श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ

रायपुर। श्रम मंत्री सह अध्यक्ष लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने गुरुवार को नवा रायपुर मण्डल मुख्यालय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसके पश्चात उन्होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप श्रमिकों के हित एवं उनके बेहतर जीवन यापन के लिए सरकार के मंशाअनुरूप निर्माण श्रमिकों के पेंशन योजना का शुभांरभ किया। जिसमें पात्र निर्माण श्रमिकों को पेंशन राशि सीधे उनके खाते में हस्तांतरण आज योजना प्रारंभ कर किया गया है।




मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना के तहत ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनकी आयु 60 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन श्रमिकों को जीवन पर्यन्त प्रतिमाह राशि 1500 रुपए पेंशन दिया जाना प्रावधानित है, अगर ऐसे पेंशनधारी निर्माण श्रमिक जिनकी मृत्यु हो जाती है। उन परिस्थिति में निर्माण श्रमिक के आश्रित (पति/पत्नी) को राशि 750 रूपए मासिक पेशन दिये जाने का प्रावधान है।

इसी प्रकार निर्माण श्रमिकों के बच्चो के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक के स्वयं अथवा उनके आश्रित संतानों को व्यापम, पीएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, एसएससी आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये योजना का शुभांरभ कर अनुबंध किया गया है । अब प्रदेश के किसी भी निर्माण के बच्चो को शिक्षा एवं रोजगार में कमी नही होगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव सविता मिश्रा, अपर श्रमायुक्त, एसएल जांगड़े, उप श्रमायुक्त डीपी तिवारी, उप श्रमायुक्त एस.एस.पैकरा, उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तोषण साहू, वरिष्ठ लेखाधिकारी, रामगोपाल जायसवाल, कोरबा नगर निगम के पार्षद नरेन्द्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार सहित कर्मकार कल्याण मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री लखनलाल देवांगन ने संभाला छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल कार्यालय में उन्होंने कर्मकार कल्याण मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप हम सभी को श्रम विभाग की जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ श्रमिकों को दिलाने की दिशा में बेहतर प्रयास करे, जिससे छत्तीसगढ़ की देश में एक विशिष्ट पहचान बने। टीम भावना से कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करे, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक लाभान्वित हो सके।

## जीएसटी विभाग के बकाया समाधान योजना से वर्षों पुराने विवादित बकाया प्रकरणों का हो रहा शीघ्र निराकरण

**रायपुर।** वाणिज्यिक कर जीएसटी विभाग द्वारा वर्षों पुराने विवादित बकाया प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2023 लागू की गई है। योजना के माध्यम से व्यवसायियों के धन और समय दोनों की बचत हो रही है। साथ ही इससे विभाग के राजस्व में वृद्धि हो रही है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फरवरी 2024 तक विभाग ने 9 हजार 852 प्रकरणों का निराकरण कर 60.40 करोड़ रुपए की राहत हितग्राहियों को दी गई है और इससे विभाग को 20 करोड़ का राजस्व भी प्राप्त हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए 31 मार्च 2024 तक ही आवेदन किया जा सकता है। योजना के अतंर्गत विभाग द्वारा कर राशि में 27.10 करोड़, ब्याज में 16.17 करोड़ और शास्ति में 16.58 करोड़ रूपए की राहत अब तक बकायादार व्यवसायियों को दी जा चुकी है।

राज्य जी.एस.टी. विभाग से मिली जानकारी अनुसार रायपुर संभाग क्रमांक-1 में 2754, रायपुर संभाग क्रमांक-2 में 2051, बिलासपुर संभाग क्रमांक-1 में 974, बिलासपुर संभाग क्रमांक-2 में 2663 और दुर्ग संभाग में 1410 बकाया मामलों का निराकरण किया जा चुका है। गौरतलब है कि जी.एस.टी. विभाग की बकाया समाधान योजना में 50 लाख रूपए से कम बकाया वाले प्रकरणों में कर राशि का 60 प्रतिशत, ब्याज 90 प्रतिशत् और शास्ति की पूरी राशि माफ करने का प्रावधान है। बकाया समाधान योजना की खास बात यह है कि जी.एस.टी. लागू होने के पहले के विधानों के अंतर्गत विक्रय कर, वाणिज्यिक कर, वैट कर के प्रांतीय, केन्द्रीय, प्रवेश कर, होटल कर और वृत्ति कर के मामले में बकाया राशि की वसूली के लिए लागू की गई है। योजना में सभी सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों, अपीलीय न्यायालयों में निगरानी अथवा शासन के समक्ष विचाराधीन प्रकरणों में लागू होगी। ऐसे प्रकरणों को न्यायालय से वापस लेकर योजना अंतर्गत लाभ लेने के लिए नि:शुल्क आवेदन किया जा सकता है।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने किया फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

**बेमेतरा।** कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, जबलपुर द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के द्वारा रबी फसलों के उन्नत किस्मों एवं फसल उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिये बेमेतरा जिला के कृषकों के प्रक्षेत्र में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के अंतर्गत मसूर, अलसी एवं सरसों फसल का समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन लिया गया है। बेमेतरा जिला में संचालित उक्त फसल प्रदर्शन के निरीक्षण हेतु निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा चार सदस्यीय वैज्ञानिकों




के निरीक्षण दल का गठन किया गया था। इस निरीक्षण दल के टीम लीडर व प्रोफेसर डॉ. पी. के. चंद्राकर ने विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. ए. के. वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश बनवासी एवं वैज्ञानिक डॉ. डी. पी. पटेल तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर एवं वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार कुलमित्र के साथ नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचभैया, आमचो, नांदल एवं विकासखंड बेमेतरा के ग्राम पंडरभट्ठा में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के तकनीकी मार्गदर्शन में लगाये गये मसूर, सरसों एवं अलसी फसल के समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन के हितग्राही किसानों की उपस्थिति में निरीक्षण किया एवं किसानों से उनकी प्रतिक्रिया (फिडबैक) लिया। किसानों से चर्चा के दौरान निरीक्षण दल के वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के द्वारा किसानों के प्रक्षेत्र में संचालित समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन का उपस्थित किसानों एवं निरीक्षण दल ने सराहना करते हुए आगामी ग्रीष्मकालीन एवं खरीफ फसलों के समूह अग्रिम फसल प्रदर्शन अंतर्गत किसानों की रूचि एवं जलवायु परिवर्तन के फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए उन्नत किस्मों को प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल करने हेतु अपना सुझाव भी दिया।



सादगी भरे अंदाज में कलेक्टर समेत अधिकारियों ने चखा स्कूल के खाने का स्वाद

# बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जारी है, लैंब की जांच ठंडे बस्ते में

यज्ञ सिंह ठाकुर
लोकशक्ति,रायपुर।



बच्चों के सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले राजधानी के अजय गृह उद्योग लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर में घटिया तरीके से बनाये जाने वाले चंदा तारे (खट्टा मीठा,चटपटा) टेबलेट कंपनी पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापामार कार्यवाही हफ्ते भर पहले की गई थी। जिसमें बड़ी मात्रा में खाद्य पदार्थों का सैम्पल लेकर गुणवक्ता परीक्षण के लिए लैब भेजा गया है। लैब टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद जिसके कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात सामने आई थी, लेकिन प्रश्न यह है कि तकरीबन 15-20 दिन होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक लैंब की रिपोर्ट नहीं है यह ताजूब की बात है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मामले को दबाने में लगे हुए है। अधिकारियों से बात करो तो कोई माकूल जबाव नहीं दिया जा रहा। कोई अधिकारी बोलते हैं कि ये मेरे विभाग नहीं तो कहता है कि मैं जजमेंट नहीं दे सकता ऐसा कहकर अधिकारियों द्वारा मामले को छुपाने में लगे हुए है।

इधर कंपनी में अभी भी प्रोडक्ट में मार्केट में बड़े पैमाने पर सेल किया जा रहा है। जहां अभी भी मार्केट में बेचा जा रहा है। सीधे-सीधे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अजय गृह उद्योग पर छापामार कार्यवाही किये उस वक्त संचालक अजय हिरानी एवं रोशन हिरानी सहित कर्मचारियों में हडकंप मच गया था। जाँच टीम ने छोटे छोटे बच्चों के खाने के लिए बनाये जा रहे पदार्थों के दौरान कंपनी में फैली गंदगी को लेकर चिंता ज़ाहिर की थी। खट्टा-मीठा टैबलेट चाँद तारे एवं रंग बिरंगे शक्कर के दाने का घटिया तरीके से निर्माण होने वाले खाद्य पदार्थ सहित कई अन्य सामग्री पर जप्ती की कार्यवाही किये है।

लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर में संचालित होने वाले अजय गृह उद्योग लाभ कमाने के चक्कर में प्रदेश के छोटे- छोटे मासूम बच्चों की स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने में अमादा है। बहरहाल कम्पनी में कार्य करने वाले कर्मचारियों को खाद्य सामाग्री निर्माण करते वक्त किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा किट प्रदान नही किया गया है । इसके अलावा किसी भी प्रकार से हैण्ड ग्लब्स, हैड कवर, जूता कवर, मास्क सहित कई ऐसे सुरक्षा किट के बिना ही बच्चों की खाने की सामाग्री तैयार कर दुकानों में सस्ती दरों में बेचीं जा रही है, जिसे खाकर बच्चे बीमार हो रहे है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दोंदे खुर्द हाऊसिंग बोर्ड में रहने वाले बारह वर्षीय एक स्कूली बच्चा ने पड़ोस के एक किराना दुकान में पांच रूपये की कीमत पर बेचीं जा रही अजय गृह उद्योग द्वारा घटिया क्वालिटी से बने चंदा तारे (खट्टा मीठा,चटपटा) टेबलेट को खाया, जिसे खाने के तुरंत बाद से ही बच्चे के पुरे शरीर में खुजली, फोड़ा, घुटना, चेहरा, कान, में सुजन आँख और पैर के तलवे में जलन के साथ तेज़ बुखार से ग्रसित हो गया था। बच्चें हालत बिगड़ते देख घबराएँ परिजन ने डॉक्टर के पास ले गये जिनके द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

वहीं इस घटना से आक्रोशित परिजन ने चंदा तारे कंपनी के संचालक रोशन हिरानी एवं अजय, गृह उद्योग लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर पर कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर गौरव सिंह, एसडीएम एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन से लिखित में शिकायत किये है 7 साथ ही कंपनी को तत्काल प्रभाव से सील कर संचालकों के खिलाफ कड़ी क़ानूनी कार्यवाही करने के साथ ही पुलिस में भी एफआईआर दर्ज करने की मांग किये है दुकानों में पांच रूपये में बिकने वाले चंदा तारे (खट्टा मीठा,चटपटा) टेबलेट में शक्कर, जीरा, सौंफ सोंठ, कालीमिर्च, अमचूर, काला नमक, आयोडिन युक्त नमक के मिश्रण से उत्पाद बनाये जाने का जिक्र है।

*इस मामले के बारे में मुझे मालूम नहीं है, संबंधित अधिकारियों से बात करके कोई जजमेंट दूंगा।*
*- उमेश वर्मा, जिला खाद्य सुरक्षा विभाग*

## अमिताभ जैन की अध्यक्षता में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा




**लोकशक्ति,रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को शासन के घोषणा पत्र के अनुसार प्रथम 100 दिनों में पूर्ण होने वाले कार्यो के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्धारित गाइड लाईन के अनुसार बस्तर संभाग के कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में शासन की कल्याणकारी योजनाओं से क्षेत्रों के लोगों को योजनाबद्ध तरीके से लाभांवित किया जाना है। बैठक में शासन के विभागों में आगामी समय में क्रियान्वयन हेतु फ्लेगशिप पूंजीगत परियोजनाओं का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव ने शासन के घोषणा पत्र के तहत प्रथम 100 दिनों में पूर्ण होने वाले कार्यो के संबंध विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागवार जानकारी ली। मुख्य सविच ने शासन की महत्वकांक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना के तहत बस्तर संभाग के कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के लोगों को राज्य शासन की समस्त योजनाओं से लाभांवित करने के लिए अधिकारियों से योजनाबद्ध कार्यक्रम तैयार कर कार्य करने निर्देश दिए। इन क्षेत्रों में स्कूल भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, सड़क, उचित मूल्य की दुकान, परिवहन सुविधा, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत के आने वाली योजना, किसान सम्मान निधि, 500 युनिट तक बिजली फ्री, सोलर पंप सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं वहां के निवासियों को उपलब्ध कराई जायेंगी। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

बैठक में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, अपर मुख्य सचिव गृह जेल एवं वन श्री मनोज पिंगुआ मौजूद थे। इसी तरह से बैठक में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण, विकास सूचना एवं प्रौद्योगिकी श्रीमती निहारिका बारिक, सचिव लोक निर्माण एवं सामान्य प्रशासन डॉ. कमलप्रीत सिंह एवं सचिव सामान्य प्रशासन श्री डी.डी सिंह मौजूद थे। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., सचिव वित्त श्री अंकित आंनद, सचिव महिला बाल एवं विकास श्रीमती शम्मी आबिदी, सचिव परिवहन एवं समाज कल्याण श्री एस.प्रकाश, सचिव राजस्व श्री भुवनेश यादव, सचिव कौशल विकास डॉ. एस. भारतीदासन सहित जल संसाधन विभाग, वाज्यिक कर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्रामोद्योग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सहकारिता सहित अन्य विभागों के सचिव एवं विशेष सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राम गोढ़ी गौठान के पास मेटाडोर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई

**रायपुर।** ग्राम गोढ़ी गौठान के पास मेटाडोर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची मंदिरहसौद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक टिकेश्वर वर्मा 24 वर्ष ग्राम गोढ़ी का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम गोढ़ी के गौठान के पास मेटाडोर क्रमांक सीजी 06 जीएच 9883 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे टिकेश्वर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अरविंद नगर बरगद पेड़ के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीनेश नायक 34 वर्ष व चंदन बघेल 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी पवन पारधी 25 वर्ष, गोलबाजार पुलिस ने आरोपी अमीत मारकण्डे 35 वर्ष एवं उरला पुलिस ने आरोपी यूवराज देवांगन 25 वर्ष व मनीष सेंडे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी टिकेंद्र सिंह वर्मा 40 वर्ष व अजय कुमार बघेल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी निखिल शर्मा 27 वर्ष व प्रितम बघेल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी भागवत साहू 25 वर्ष, श्रवण कुमार साहू 32 वर्ष, हरीश मानिकपुरी 31 वर्ष व विकाश सेन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी रोशन गुप्ता 33 वर्ष, नरेन्द्र वर्मा 53 वर्ष व राम सिंह वर्मा 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी टेमन यदू 38 वर्ष, लीलाराम साहू 26 वर्ष, छबिलाल साहू 36 वर्ष, रामजी साहू 30 वर्ष, अजय चन्द्राकर 28 वर्ष, हितेश लहरे 20 वर्ष, वीजेन्द्र सोनवानी 34 वर्ष, कन्हैया लाल ध्रुव 25 वर्ष, दिनेश कुमार पाल 27 वर्ष व डिगेश कुमार विश्वकर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया

**रायपुर ।** नेवरा एवं खरोरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 62 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम तुलसी में अवैध शराब बेचते आरोपी राहुल वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा के बस स्टेण्ड के पास आरोपी शशिकांत रात्रे 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे हुये लाभान्वित

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना में हितग्राही के प्रथम दो बच्चों को कक्षा पहली से उच्च कक्षाओं के लिए 1,000 से 10,000 रूपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। बेमेतरा जिले में इस योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7054 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 49 लाख 57 हजार राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार हितग्राही के प्रथम दो बच्चों हेतु संचालित नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में कक्षा दसवी से उच्च कक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को 5,000 से 1,00,000 रूपये राशि दिये जाने का प्रावधान है।

## सरहदी जिलों में कृषकों के साथ हो रहे उठाई गिरी, पुलिस सजग हुई, पैंपलेट को चश्पा

**लोकशक्ति,रायपुर।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में बैंकों में सरप्राइज सुरक्षा आडिट का अभियान चलाया है। थानाध्चैकी प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जिसमें बैंक में लगे सुरक्षा अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी, सुरक्षागार्ड की जांच, बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया गया।

पुलिस के द्वारा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में सजग कोरबा के तहत पैंपलेट को चश्मा किया गया

बैंक के ग्राहक को बैंक में पैसा निकालकर बीच में कहीं भी ना रुके सीधे घर पहुंचे।बैंक या आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

बैंक में आए लोगों को वित्तीय फ्रॉड की जानकारी देना शामिल है।

बैंक या एटीएम में पैसे निकलते समय अनजान व्यक्तियों की बातों में ना आए।पुलिस टीम के द्वारा बैंक एटीएम में पैंपलेट चस्पा करने का उद्देश्य यह है कि कोरबा जिला के सरहदी जिलों में कृषकों के साथ हो रहे उठाईगीरी की घटनाओं को देखते हुए कृषक भाई लोग धान खरीदी केंद्र एवं बैंकों में पैसे निकलते एवं डालते समय इन सब बातों का ध्यान दें। इसलिए पुलिस के द्वारा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में सजग कोरबा के तहत पैंपलेट को चश्पा किया गया है और लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के टीम के द्वारा बैंकों में हो रहे डकैती उठाईगीरी एवं फ्रॉड को देखते हुए पुलिस के द्वारा बैंकों के दीवाल पर पैंपलेट के माध्यम से बैंकों में होने वाले उठाईगीरी, लुट,चोरी एवं डकैती से सावधान रहने के लिए बैंक एवं एटीएम में पैंपलेट लगाया गया। पुलिस टीम के द्वारा बैंकों में आने वाले ग्राहकों को सजग रहकर पैसे निकालने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस के द्वारा शाखा प्रबंधकों व स्टाफके साथ सुरक्षा पर चर्चा कर बैंक के अंदर, बाहर और सड़क तक फोकस करने सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने और सीसीटीव्ही फुटेज सहेज कर रखने कहा गया।

## मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुरमें पिछले तीन माह में पूर्ण हुए 5 हजार 500 से

**लोकशक्ति,रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी के तहत अपने पहले ही कैबिनेट में प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर योजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में तेजी से आवास निर्माण का कार्य किया जा रहा है।



स्वयं मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पिछले तीन महीने में ही 5 हजार 611 आवास निर्माण के कार्य पूर्ण किए गए हैं। जशपुर जिले के सभी जनपदों में वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 61 हजार 784 आवास स्वीकृत हुए है। इनमें निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत अमलों की सतत मॉनीटरिंग में अब तक 53 हजार 121 आवास पूर्ण हुए हैं और शेष आवासों की मॉनीटरिंग भी लगातार की जा रही है। राज्य शासन से हितग्राहियों के किस्त की राशि समय से प्राप्त हो रही है। जिससे सभी प्रगतिरत आवास को तय समय-सीमा में पूर्ण करने में हितग्राहियों को आसानी हो रही है।

## एमसीसी, एमसीएमसी, डीईएमसी के नोडल अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स का हुआ गहन प्रशिक्षण

**लोकशक्ति,रायपुर।** अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा है कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने में निर्वाचन क्षेत्र के अधिकारियों की भूमिका अहम होती है। हर स्तर के अधिकारी आचार संहिता के सभी पहलुओं को जानें, तभी नियमों का पालन सुनिश्चित हो सकेगा। लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की कड़ी में आज वे आदर्श आचरण संहिता, मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समिति एवं व्यय निगरानी समिति के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स के एक दिवसीय प्रशिक्षण को संबोधित कर रहे थे। इसमें प्रदेश के 17 जिलों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शेष जिलों के अधिकारियों के लिए 1 मार्च को यह प्रशिक्षण आयोजित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन से जुड़े विभिन्न स्तरों के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

इसके पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान आज मास्टर ट्रेनर तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यू.एस. अग्रवाल और श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, मास्टर ट्रेनर श्री दुष्यंत रायस्त, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रूपेश वर्मा और श्रीमती शारदा अग्रवाल ने एमसीसी, एमसीएमसी तथा ईईएम से संबंधित तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी अधिकारियों को दीं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यू.एस. अग्रवाल ने प्रशिक्षण में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा होते ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो जाती है। इस स्थिति में प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक यह सुनिश्चित करें कि इस दौरान किसी भी शासकीय भवन, शासकीय मशीनरी का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए न हो। इस दौरान धन के बड़े पैमाने पर लेन-देन, जुलूस, राजनीतिक सभा, समारोह की रिकॉर्डिंग, आपत्तिजनक भाषा में राजनीतिक भाषण, वाहनों की अनाधिकृत आवाजाही, प्रचार सामग्री के परिवहन सहित अन्य विषय जो सीधे अथवा परोक्ष रूप से निर्वाचन गतिविधि के तहत संपन्न हो रही है, ऐसे सभी कार्यों पर आदर्श आचरण संहिता के तहत निगरानी रखें।

## भाजपा व्यावसाई प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न,प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों को जीतने का लिया संकल्प




**लोकशक्ति,रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यावसाई प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 27 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई जिसमे विगत छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में व्यवसायी प्रकोष्ठ के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं जिला संयोजकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान के साथ बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रकोष्ठ की भूमिका व जिम्मेदारी के साथ ही प्रकोष्ठ के कार्यों का विशेष उल्लेख करते हुए केंद्र की मोदी सरकार की विश्वकर्मा योजना ,मुद्रा योजना ,एवम जनधन खाता , अन्य योजनाओं के साथ छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की महती योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के साथ छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों को जीतने का संकल्प लिया गया । बैठक में विधानसभा में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला संयोजक का सम्मान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी द्वारा मोमेटो भेट कर किया गया । व्यवसायी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ,प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ रामू रोहरा, प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह,प्रदेश सह संयोजक अजय ठाकुर,ठाकुर राम वर्मा, रायपुर संभाग प्रभारी गोपाल मरोडिया,दुर्ग संभाग प्रभारी प्रदीप जैन, बिलासपुर संभाग प्रभारी शिव वैष्णव, सरगुजा संभाग प्रभारी रोहिल गुप्ता एवं बस्तर संभाग प्रभारी नरेंद्र पाणिग्रही, मीडिया प्रभारी डॉ आशा, रायपुर संभाग सह प्रभारी अमरनाथ एवं प्रदेश के 33 जिला के जिला संयोजक सहसंयोजक कार्य समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा किसान मोर्चा की रायपुर जिला ईकाईयों की बैठक संपन्न

### राष्ट्रीय किसान महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा हुई, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किसानों को संबोधित करेंगे




**लोकशक्ति,रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 8 मार्च को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में होगी जिसमें मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। इसके ठीक अगले दिन 9 मार्च को राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में किसान महासम्मेलन होगा। जिसमें देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहेंगे और किसानों को संबोधित करेंगे।आज इस महासम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में किसान मोर्चा की रायपुर जिला ईकाईयों की संयुक्त बैठक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तोखन साहू के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उक्त बैठक में रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गज्जू साहू एवम रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिल नायक सहित जिला ईकाई , मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। किसान महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की गई और दायित्व सौंपा गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि किसान महासम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर समेत राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का संबोधन होगा। श्री साहू ने प्रदेश के समस्त किसान भाइयों को इस सभा के लिए आमंत्रित किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का वादा पूरा किया है जिसका लाभ सीधे किसान भाइयों को हो रहा है। इस कड़ी में इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा 1.47 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। भाजपा सरकार ने ही शून्य प्रतिशत ब्याज पर किसानों को ऋण मुहैया कराने का काम भी किया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी की केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों को एक बड़ा तोहफा देते हुए 340 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदने का निर्णय लिया और पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 8 प्रतिशत अधिक राशि से गन्ना खरीदी की जा रही है। पीएम किसान सम्मान योजना के तहत केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त जारी की है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर सेठ-साहूकारों के चंगुल से किसानों को मुक्ति दिलाने का काम भी भाजपा सरकार ने किया है। सरकार बनते ही किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया और वादे के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर 13 लाख किसानों के खातों में 3,716 करोड़ रुपए दो साल के बकाया बोनस के तौर पर सीधे जमा किए गए। किसानों के उन्नति, तरक्की और खुशहाली के लिए क्रांतिकारी फैसले के लिए श्री साहू ने केंद्र व प्रदेश सरकार अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 12 फरवरी से 10 मार्च तक ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत छत्तीसगढ़ में हो चुकी है। लगभग सभी जिलों में ग्राम पंचायत एवं मंडल स्तर तक कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें श्री मोदी के 10 साल में किए गए किसान हित के कार्यों को किसानों तक पहुँचाकर लाभान्वित किया जा रहा है। हमें सभी किसान भाइयों को परस्पर जोड़ना है और यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। भाजपा ही किसानों की भलाई के लिए सतत काम करती है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता किसान महासम्मेलन के जरिए किसान भाइयों को जोड़कर किसान मोर्चा को मजबूत करेंगें। आज की समीक्षा बैठक में प्रदेश मंत्री नवीन कातिमा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रवीश गुप्ता , विलास , प्रदेश मीडिया प्रभारी निश्चय बाजपेई, कमलेश राजपूत, जिला महामंत्री किसान मोर्चा रामेश्वर पटेल , उपाध्यक्ष विनय साहू, संतोष साहू, जिला मंत्री शरद ताम्रकार, छगन साहू, मीडिया प्रभारी चंदन राजपूत, कार्यलय मंत्री गिरीश अवधिया, नितिन शर्मा, गुड्डा तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्प राज , राजेय वर्मा, किसान मोर्चा की महिला प्रभारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)